Aakash
Medical|IIT-JEE|Foundations
BARAN CENTER
ADMISSIONS OPEN
Get up to 90% Total Scholarship*
Call
823 904 1426
823 904 1423
724 007 2311
MORE DETAILS
Address: Eminent Academy Campus, Melkheri Road, Baran - 325205 (Raj.)

दैनिक
हेडलाइन न्यूज़
सच का वादा...

BARAN CENTER
Aakash
Medical|IIT-JEE|Foundations
ADMISSIONS OPEN
CALL: 8239041426, 8239041423 MORE DETAILS
Address: Eminent Academy Campus, Melkheri Road, Baran - 325205 (Raj.)

headlinenews72@gmail.com | कोटा, गुरुवार, 30 जनवरी 2025 | डाक पंजीयन: कोटा/255/2025-27 | वर्ष: 4, अंक: 152, मूल्य-4.00 रू.

यह उपग्रह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से देश में ही बना

इसरो ने अंतरिक्ष में 100वां मिशन किया लॉन्च

डिजिटल डिवाइसेज पर सही समय बताने के लिए देश अब तक अमेरिका के ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) तकनीक या रूस के ग्लोनास सिस्टम पर निर्भर था, अब भारत की होगी अपनी प्रणाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 100वां लॉन्च मिशन सफल हो गया है। एनवीएस-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करने के बाद इसरो की इस उपलब्धि को बड़ा मुकाम करार दिया जा रहा है। देशभर की बड़ी हस्तियों ने इस मिशन की सफलता को लेकर इसरो को बधाई दी हैं। इसरो ने बुधवार सुबह 6.23 बजे अपना 100वां मिशन लॉन्च किया।

अमेरिका ने कारगिल युद्ध में जीपीएस की नहीं दी थी सुविधा

कारगिल युद्ध के दौरान भारत ने अमेरिका से अपने ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) के जरिए ट्रैकिंग की सुविधा कारगिल में मुहैया कराने की मांग की थी। इसके जरिए भारत आतंकियों की सही स्थिति जानने की कोशिश में था। हालांकि, तब अमेरिका ने इस मांग को नकार दिया था। तब भारत को पहली बार अपने स्वदेशी सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम की जरूरत महसूस हुई, जो देश के नक्शे पर सही स्थिति, सही समय और गति बताने का काम करे। इसी कड़ी में 2006 में भारत ने स्वदेशी प्रोजेक्ट नाविक की शुरुआत की।

धरती पर 10 मीटर की दूरी तक चीजें बता देगा

- यह नैविगेशन सिस्टम भारत की धरती पर 10 मीटर की दूरी तक की सही गणना बता देगा। यानी सैटेलाइट हर 10 मीटर के क्षेत्र पर मूवमेंट पर निगाह रखेंगी।
- इतना ही नहीं, भारत के बाहर यह सिस्टम 20 मीटर तक सटीक होगा। इस पूरे सिस्टम की रेंज भारत और आसपास के क्षेत्र में 1500 किलोमीटर तक होगी।

इस मिशन को लॉन्च करने की जरूरत क्यों ?

- भारत में अभी नक्शों से लेकर मोबाइल-कंप्यूटर पर समय तक के लिए लोगों को विदेशी तकनीक पर निर्भर रहना पड़ता है।
- इतना ही नहीं दुनिया की अधिकतर महाशक्तियों ने सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम के क्षेत्र में स्वायत्तता हासिल करने के लिए अपनी खुद की प्रणालिया बना ली हैं। अमेरिका और रूस के अलावा चीन ने अपना बेइडू नैविगेशन सिस्टम स्थापित किया है। इसके अलावा यूरोपीय संघ अपने क्षेत्र में नैविगेशन सेवाओं के लिए गैलिलियो सिस्टम का इस्तेमाल करता है।
- भारत की तरफ से अपना नैविगेशन सिस्टम- नाविक बनाने की एक अहम वजह कूटनीतिक स्तर पर स्वतंत्रता और स्वायत्तता हासिल की।

आस्था के भंवर में डूबी जिंदगी, अमृत स्नान से पहले बेकाबू भीड़

महाकुंभ भगदड़ में 30 की मौत, 60 घायल

प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ में मरने वालों की संख्या 35 से 40 है। सरकार ने 17 घंटे बाद महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। शाम 6.30 बजे मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और डीआईजी वैभव कृष्णा ने 3 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा- भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। जबकि 60 घायल हैं। 25 शवों की पहचान कर ली गई है। इनमें सबसे ज्यादा यूपी के 19, कर्नाटक के 4, गुजरात-असम के एक-एक श्रद्धालुओं की मौत हुई है। उन्होंने कहा- घाट पर कुछ बैरिकेड्स टूट गए, जिसकी वजह से जमीन पर सो रहे कुछ श्रद्धालु अफरा-तफरी में चढ़ गए। कुचलने से जो घायल हुए, उनमें से कुछ की मौत हो गई। 29 जनवरी को शासन ने सख्त निर्देश दिए थे कि कोई भी वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा।

हादसा मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। भगदड़ उस वक्त मची, जब लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान के लिए इंतजार कर रहे थे। भास्कर रिपोर्टर सृष्टि मेडिकल कॉलेज पहुंचीं, जहां हादसे में मारे गए लोगों के शव रखे गए थे। मेडिकल कॉलेज में भास्कर रिपोर्टर ने 20 शव गिने। यहां आखिरी डेडबॉडी पर 40 नंबर लिखा था।

सीएम साय बोले- धैर्य रखें श्रद्धालु

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में मची भगदड़ के दौरान लोगों की मौत पर दुख जताया। श्रद्धालुओं से धैर्य रखने व स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया। साय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर घटित भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन और घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

- मुख्यमंत्री ने भगदड़ के कारणों की जांच के लिए न्यायिक जांच का दिया आदेश
- मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा
- मेला प्रशासन ने जारी किया 1920 हेल्पलाइन नंबर

न्यायिक जांच के आदेश

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में स्नान के लिए मंगलवार देर रात मची भगदड़ के कारणों की जांच के लिए न्यायिक जांच का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। जांच आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायमूर्ति हर्ष कुमार करेंगे और इसमें पूर्व आईएएस वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) बीके सिंह भी शामिल होंगे।

राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा, मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं।

पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, जो दुःखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है। कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

मौनी अमावस्या पर्व को लेकर रेलवे ने 190 विशेष ट्रेनें चलाईं

उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा, मौनी अमावस्या पर स्नान करने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु रेलवे परिसर की ओर आ रहे हैं। अब धीरे-धीरे भीड़ रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ रही है। दोपहर तक लगभग 50 उत्तर मध्य रेलवे, 13 उत्तर रेलवे और 20 पूर्वोत्तर रेलवे के माध्यम से कुल 80 से अधिक विशेष ट्रेनें संचालित की गईं। रेलवे प्रशासन ने आज 190 विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो।

भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में एंट्री करने वाले 8 पॉइंट- भदोही, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिजापुर बॉर्डर को बंद कर दिया गया है।

पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। सभी व्हीकल पास रद्द कर दिए गए हैं। यानी मेले में एक भी गाड़ी नहीं चलेगी।

रास्ते को वन-वे कर दिया गया है। एक रास्ते से आए श्रद्धालुओं को स्नान के बाद दूसरे रास्ते से भेजा जा रहा है।

शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। मेला क्षेत्र में यह व्यवस्था 4 फरवरी तक लागू रहेगी।

यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा, श्रद्धालु जहां जगह हो वहीं स्नान करें। जहां इतनी बड़ी भीड़ होती है, इतना बड़ा प्रबंधन होता है, ऐसी छोटी-मोटी घटना हो जाती है।

29 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पहली बार नक्सलियों ने थोक में सरेंडर किया है। नक्सलियों की कथित राजधानी कुतुल लाल आतंक से मुक्त हो रहा है। दवाई शाखा अध्यक्ष सहित 29 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

'माड़ बचाओ अभियान' के दौरान सुरक्षाबलों को ऐतिहासिक सफलता मिली है। आत्मसमर्पित माओवादियों में 22 पुरूष और 7 महिला माओवादी शामिल हैं जो क्षेत्र में सक्रिय रूप से माओवादियों के लिए काम करते थे।

इस तरह लगातार हो रहे आत्मसमर्पण से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। संगठन के विचारों से मोह भंग, मिली निराशा और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद के चलते नक्सली आत्मसमर्पित कर रहे हैं। सभी माओवादियों ने कहा कि वे समाज के मुख्यधारा में जुड़कर सामान्य जीवन जीना चाहते हैं।

जैसलमेर के बाद भरतपुर में बर्ड फ्लू ने बढ़ाई दहशत

केवलादेव नेशनल पार्क में पेंटेड स्टार्क की मौत

भरतपुर

जैसलमेर के बाद अब भरतपुर में भी बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दी है। केवलादेव नेशनल पार्क में H5N1 एवियन फ्लू (बर्ड फ्लू) का मामला सामने आया है। एक सप्ताह पहले मृत मिले 2 पेंटेड स्टार्क पक्षियों के सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे गए थे। उसमें से एक पक्षी में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस (बर्ड फ्लू) मिला है।

भोपाल के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (निषाद) से बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद केवलादेव घना पक्षी विहार में प्रशासन की तरफ से अलर्ट जारी किया गया है। पक्षी विहार के करीब 1200 हेक्टेयर में इन दिनों देश-विदेश से पक्षी विचरण करने आए हैं।

डीएफओ मानस सिंह ने बताया- कुछ दिन पहले हमनें दो पेंटेड स्टार्क पक्षी के बच्चों की डेडबॉडी बरामद की थी। हमें उन पक्षियों में बर्ड फ्लू वायरस के कुछ लक्षण लग रहे थे, इसलिए उनके सैंपल लेबोरेटरी में भेजे गए थे। उसमें से 1 सैंपल पॉजिटिव आया और 1 सैंपल नेगेटिव आया है।

26 करोड़ की साइबर ठगी में 5 गिरफ्तार

फर्जी फर्म से करते थे ठगी, बैंक कर्मियों की मिलीभगत आई सामने

हनुमानगढ़। 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' के तहत हनुमानगढ़ पुलिस ने साइबर फ्रॉड गिरोह के खिलाफ बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने फर्जी फर्म बनाकर, फर्म के नाम से फर्जी बैंक अकांउट खोलकर करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों के खातों की पासबुक/चेकबुक व एटीएम/डेबिट कार्ड, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, रबड़ की फर्जी स्टाम्प मोहर एवं बैंक संबंधी कागजात बरामद हुए हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ठग गिरोह ने म्यूचल अकाउंट्स में लगभग 26 करोड़ रुपए की साइबर फ्रॉड राशि का लेन-देन किया है। एनसीआरपी पोर्टल पर उक्त बैंक खातों के खिलाफ 16 राज्यों से 66 साइबर पोर्टल शिकायतें दर्ज हैं। यह कार्रवाई साइबर पुलिस थाना,जिला साइबर सैल एवं जिला विशेष टीम की ओर से की गई।

डीआईजी अरशद अली ने बुधवार को बताया कि राज्य में चलाए जा रहे विशेष अभियान साइबर शील्ड के तहत भारत सरकार की ओर से संचालित एनसीआरपी पोर्टल/जेएमआईएस पोर्टल पर प्राप्त साइबर फ्रॉड परिवादों की जांच के संबंध में जिला साइबर सैल, साइबर पुलिस थाना एवं डीएसटी की विशेष टीम गठित कर निर्देशित किया गया।

अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद रोकी, कई ऊर्जा योजनाएं ठप

हेल्थ-एजुकेशन प्रोग्राम बंद होने का खतरा

वॉशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी मदद पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही पाकिस्तान को दी जा रही सहायता के पुनर्मूल्यांकन का भी आदेश है। जियो न्यूज के मुताबिक इस फैसले की वजह से पाकिस्तान में यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी की कई जरूरी योजनाएं पूरी तरह रुक गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले से पाकिस्तान में एनर्जी सेक्टर से जुड़ी 5 योजनाएं ठप हो गई हैं। इसके अलावा हेल्थ, एग्रीकल्चर, फूड सिक्योरिटी, बाढ़, जलवायु और शिक्षा से जुड़ी कई परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। आशंका है कि इनमें से कुछ प्रोग्राम हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे या उनमें काफी कमी कर दी जाएगी।

इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने शुक्रवार से इजराइल, मिस्र और फूड प्रोग्राम को छोड़कर विदेशी देशों को मिलने वाली सभी मदद पर रोक लगा दी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय के इस आदेश में गरीब देशों को मिलने वाली स्वास्थ मदद पर भी रोक लगा दी गई।

विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी: तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के बैंड ने धुनें पेश कीं

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मौजूद रहे

नई दिल्ली

दिल्ली के विजय चौक पर बुधवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों का समापन हुआ। तीनों सेनाओं के साथ CAPF के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने 30 फुट टैपिंग भारतीय धुनें बजाईं।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्पीकर ओम बिड़ला सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम जनता मौजूद रही। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था।

समारोह की शुरुआत में सेना द्वारा राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया। इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत धुन 'कदम-कदम बढ़ाए जा' बजाकर की। समारोह के मुख्य संचालक कमांडर मनोज सेबेस्टियन थे। समारोह में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल संगीतबद्ध देशभक्ति गीत 'ऐ वतन तेरे लिए' की धुन भी बजाई गई। सेना के बैंड ने ड्रम पर 'शिव तांडव स्तोत्र' भी बजाया। पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने अमर भारती बजाकर 'मैप ऑफ इंडिया' बनाया।

CAPF बैंड ने विजय भारत का संगीत और एयरफोर्स ने गैलेक्सी राइडर धुन पेश की। इस धुन को रिटायर्ट विंग कमांडर जी जयचंद्रन ने तैयार किया था। सेनाओं के द्वारा कौरवों-पांडवों, सलामी देते जवान, एक पेड़ मां के नाम और चक्रव्यूह की आकृति तैयार की गई।

बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' के साथ किया गया। समारोह के अंत में सभी बैंड मास्टर राष्ट्रपति के पास गए और बैंड वापस ले जाने की इजाजत मांगी। इसके बाद समारोह समाप्त किया गया।

सेरेमनी से पहले 28 जनवरी को विजय चौक पर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई थी। इसमें सेना, नेवी, एयरफोर्स और CAPF के बैंड ने शानदार धुनों का प्रदर्शन किया। इसे लेकर विजय चौक और उसके आसपास की कुछ सड़कों पर यातायात को प्रतिबंधित किया गया था। दिल्ली यातायात पुलिस ने एडवायजरी भी जारी की थी। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी की परंपरा राजा महाराजाओं के समय चली आ रही है। जब सूर्यास्त के बाद जंग बंद होने का ऐलान होता था। बिगुल बजाते ही सैनिक युद्ध बंद कर पीछे हट जाते थे। ये परम्परा 300 साल से भी ज्यादा पुरानी है। भारत के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी होती है।

अन्नपूर्णा रसोई, कस्तूरबा हॉस्टल, अस्पताल का निरीक्षण और किसानों से वार्ता

जिला कलक्टर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

हेडलाइन न्यूज । बारां

जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर रहे। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान एसडीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने छीपाबड़ौद ब्लॉक के सारथल, हरनावदा शाहजी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई, राजीविका, अफीम की खेती, कस्तूरबा हॉस्टल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। सारथल में अन्नपूर्णा रसोई और राजीविका परियोजना का निरीक्षण जिला कलक्टर ने सारथल में अन्नपूर्णा रसोई योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और वितरण व्यवस्थाएं देखी। स्थानीय लाभार्थियों से बातचीत के दौरान उन्होंने योजना से जुड़ी उनकी राय और सुझाव भी लिए। इसके बाद उन्होंने राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन) के तहत कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों से मुलाकात की और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएं। स्वरोजगार योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाए और महिलाओं को बाजार से जोड़ा जाए। स्वयं सहायता समूहों को सुविधाएं और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम है और इसे और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। हरनावदा शाहजी में अफीम की खेती का निरीक्षण, किसानों से वार्ता जिला कलक्टर हरनावदा शाहजी पहुंचे, जहां उन्होंने अफीम की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और कृषि उत्पादन को लेकर चर्चा की। किसानों ने अफीम की खेती से जुड़ी चुनौतियों, मौसम के प्रभाव और सरकारी नीतियों पर अपनी राय रखी। जिला कलक्टर ने किसानों को सरकारी योजनाओं और अनुदान की जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। अफीम उत्पादन से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। किसानों को नई तकनीकों और कृषि सुधारों से जोड़ा जाए। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेगा और कृषि क्षेत्र को और विकसित करने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (कस्तूरबा हॉस्टल) का निरीक्षण इसके बाद जिला कलक्टर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुंचे, जहां उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और उनके रहने-खाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से उनकी शिक्षा, सुरक्षा और छात्रावास की अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। छात्रावास में स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जरूरत पड़ने पर सुविधाओं का विस्तार किया जाए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरनावदा शाहजी का दौरा जिला कलक्टर हरनावदा शाहजी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, कक्षाओं की स्थिति और शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई के स्तर का आकलन किया और विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई को लेकर सवाल-जवाब किए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। शिक्षकों को समय पर उपस्थित रहना चाहिए और छात्रों को प्रायोगिक एवं व्यवहारिक शिक्षा दी जानी चाहिए। विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से जोड़ा जाए। उन्होंने छात्रों को मेहनत से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और प्रशासन को स्कूलों की सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर हरनावदा शाहजी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सेवाओं की देखी। उन्होंने डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों से बातचीत की और पूछा कि मरीजों को समय पर इलाज मिल रहा है या नहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में स्वच्छता और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मरीजों को जल्द और बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। 108 एंबुलेंस सेवा को अधिक सक्रिय किया जाए ताकि जरूरतमंदों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके। मरीजों से बातचीत के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर उनकी राय भी जानी और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जाए और योजनाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दो दिवसीय कृषक सेमिनार का समापन

हेडलाइन न्यूज । बारां

उप निदेशक उद्यान आनंदीलाल मीणा ने बताया कि कार्यालय उप निदेशक उद्यान द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना 2024-25 के अंतर्गत दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के लगभग 110 कृषकों ने भाग लिया। जिसमें उद्यानिकी योजनाओं की जानकारी के अन्तर्गत फलदार बगीचे की स्थापना, मसाला विकास योजना, धनिया, मेथी, लहसुन फसल की जानकारी विषय विशेषज्ञ द्वारा दी गई। कृषि विभाग के अंतर्गत अनाज, दलहन, तिलहन आदि फसलों की जानकारी दी जाती है, जबकि उनके अलावा फलदार, सब्जियों मसाला एक औषधीय एवं सगंध फसलों की जानकारी उद्यान विभाग के अंतर्गत आता है। उद्यानिकी फसलों को अपनाकर कृषक कम समय में पैसा कमा सकता है। कम जमीन से अधिक मुनाफा कमा सकता है। जैसे पत्तिदार सब्जियों को बोकर एक महीने के अन्दर ही पैसा मिलना शुरू हो जाता है जबकि दूसरी फसलें मे 4 महिने में पैसा प्राप्त होता है। पोली हाउस से कम जमीन से अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। उद्यान विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन पर भी अनुदान दिया जाता है। सोलर पर अनुदान लेकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उद्यानिकी फसलों से बेरोजगारी दूर की जा सकती है, स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है, प्रकृति को दूषित होने से बचाया जा सकता है। दो दिवसीय कृषक सेमिनार में सभी कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। उप निदेशक उद्यान ने बताया कि सभी कृषकों का पेपर लिया गया, उसमे प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पुरस्कार दीपांशु सागवान सहायक निदेशक लोक सेवाएं, अतिरिक्त कोषाधिकारी भेरूलाल मेघवाल द्वारा उपलब्ध कराए गए। अंत में सभी कृषकों के प्रश्नों, समस्याओं का समाधान किया गया। उद्यान विभाग कृषि अधिकारी मोनिका मीणा, विमल खिंची, कृषि पर्यवेक्षक मनमीत नागर, प्रियंका मीणा, सागर सिंह ओड एवं दीनदयाल मीणा ने मिलकर सेमिनार में भाग लिया एवं प्रबंधन में योगदान दिया। अंत में सभी कृषकों को एक बार आने-जाने का किराया एवं बैग, पेन आदि उपलब्ध करावाया एवं खाना खिलाकर विदा किया गया।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का खोला गया पोर्टल

हेडलाइन न्यूज । बारां

जिला रसद अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि प्रदेश मे खाद्य सुरक्षा योजना मे नाम जुडवाने के लिए आशान्वित परिवारों, व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश मे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों, व्यक्तियों के नाम जोडने के लिए पोर्टल 26 जनवरी 2025 से खोला गया है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनान्तर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिए जाने के उद्देश्य से जिलें में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित सहरिया परिवारों, व्यक्तियों के नाम अभियान के रूप मे जोड़े जाएंगे। खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत मे नाम जुडवाने के लिए ऑनलाईन पोर्टल से ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करना होगा। समावेशन हेतु पात्रता सम्बंधित मापदण्ड निम्नांकित निर्धारित किए गए है।

समावेशन श्रेणी मे प्राथमिकता श्रेणी

अन्त्योदय परिवार, बीपीएल परिवार, स्टेट बीपीएल परिवार, अन्नपूर्णा योजना के लाभार्थी, मुख्यमंत्री जीवन रक्षा कोष से लाभान्वित परिवार, समस्त सरकारी हॉस्टल में अन्तःवासी, एकल महिलाएं, श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिक, पंजीकृत अनाथालय एवं वृद्धाश्रम कुष्ठ आश्रम, कचरा बीनने वाले परिवार, उत्तराखंड त्रासदी परिवार, साइकिल रिक्शा चालक, पोर्टल (कुली), कुष्ठ रोगी तथा कुष्ठ रोग मुक्त व्यक्ति, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जातियों जैसे बनबागरिया, गाडिया लुहार, भेड पालक, वन अधिकार पत्र धारी परंपरागत वनवासी परिवार, लघु कृषक, आस्था कार्डधारी परिवार, एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं संशोधित अधिनियम 2015 के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति व इसके अतिरिक्त जो निम्न योजनाओं में शामिल है। मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन, मनरेगा में 2009-10 में किसी भी वर्ष में 100 दिन मजदूरी करने वाला परिवार, मुख्यमंत्री निराश्रित पुनर्वास परिवार योजना, सहरिया एवं कथौडी जनजाति परिवार, भूमिहीन कृषक, कानूनी रूप से निर्मुक्त बंधुआ मजदूर, सीमान्त कृषक एवं वरिष्ठ नागरिक जिनका स्वतंत्र राशन कार्ड हो।निष्कासन श्रेणी (अपात्र) ऐसे परिवार जिसका कोई भी एक सदस्य आयकर दाता हो, ऐसे परिवार जिसका कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी, अधिकारी हो अथवा एक लाख से अधिक पेंशन प्राप्त करता हों, ऐसे परिवार जिनके किसी भी एक सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर एवं वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर, जो जीविकोपार्जन के उपयोग में आता हों), नगर निगम, नगर परिषद क्षेत्र में 1000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय, व्यवसायिक परिसर धारी परिवार (कच्ची बस्ती को छोड़कर), नगर पालिका क्षेत्र मे 1500 वर्ग फीट अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय, व्यवसायिक परिसर धारी परिवार (कच्ची बस्ती को छोड़कर), एक लाख रुपए वार्षिक से अधिक आय सीमा वाले परिवार, ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्यों के स्वामित्व में कुल कृषि भूमि लघु कृषक हेतु निर्धारित सीमा से अधिक हो, ऐसे परिवार जिनके पास ग्रामीण क्षेत्र में 2000 वर्गफीट से अधिक स्वयं के रिहायश हेतु निर्मित पक्का मकान हों। सम्बंधित उपखण्ड अधिकारी द्वारा पात्रता के परीक्षण उपरांत खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवार, व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

अटरू के गोविंद अटलपुरी मऊ मध्य प्रदेश में आयोजित संविधान बचाओ यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे

हेडलाइन न्यूज । बारां

अटरू निवासी गोविंद अटलपुरी द्वारा बोलेरो कैंपर गाडी पर बनवाए गए विशेष रथ के साथ संविधान बचाओ यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम में महू मध्य प्रदेश जाकर सम्मिलित हुआ। मऊ मध्य प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेमोरियल में संविधान निर्माता बाबा साहेब जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इनके साथ ही अटलपुरी ने डॉ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। अटलपुरी ने कहा कि संविधान हिंदुस्तान का सत्य है। हम हर कीमत पर इसकी रक्षा करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अटलपूरी इसके पहले भी अपने द्वारा बोलोरो कैंपर पर बनाए गए विशेष रथ के साथ कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा में महाराष्ट्र के शेगांव से श्रीनगर के लाल चौक तक एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा में मणिपुर के इंफाल से मुंबई, महाराष्ट्र तक अपने द्वारा बोलोरो कैंपर पर बनवाए गए विषेश रथ के साथ पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार स्वयं के खर्चे पर यात्रा कर चुके हैं। इन यात्राओं में हर धर्म हर वर्ग हर समाज के व्यक्ति के द्वारा अटलपुरी को समर्थन मिला।

नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत

सरपंच राज सिंह ठिकरिया द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

हेडलाइन न्यूज । अंता

एनएच 27 ठिकरिया पेट्रोल पंप स्थित निजी रेस्टोरेंट पर ठिकरिया सरपंच राजसिंह चौधरी के नेतृत्व में भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया । सरपंच राज सिंह ठिकरिया ने भाजपा अंता नगर रोहित नंदवाना का साफा बंधी व माला पहनाकर व मुँह मीठा करवाकर स्वागत किया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का भी साफा बंधी कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन,अंता नगर पालिका चैयरमेन रामेश्वर खंडेलवाल,पलायथा सरपंच अनूप सिंह व नवनियुक्त अंता नगर मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना सहित कई भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान सरपंच राजसिंह चौधरी ने बताया कि भाजपा के नवनियुक्त अंता मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना का साफाबंधी,माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया और कहा की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना और देहात मंडल अध्यक्ष राहुल नागर युवा चेहरा हे जिनसे युवा वर्ग का काफी साथ मिलेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन,अंता नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल, पलायथा सरपंच भंवर अनूप सिंह, पार्षद राधेश्याम सिंगोदिया, राजकुमार नंदवाना, महेश शर्मा, प्रवीण गालव, ओम चौरसिया, महावीर वैष्णव, सहित कई लोग मौजूद रहे।

राज्य वृक्ष खेजड़ी पर चलाई कुल्हाड़ी, सैकड़ों हरे भरे पेड़ किए धराशाही

हेडलाइन न्यूज । छबड़ा

छबड़ा उपखण्ड की सेमली पंचायत के अलीनगर व सेमला के रास्ते पर चारागाह एवं खातेदारों की भूमि पर लगे सैकड़ो खेजड़ी के हरे पेड़ो को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट देने का मामला सामने आया है। भाजपा नेता अशोक गौड़ ने प्रशासन से पेड़ काटने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। भाजपा नेता अशोक गौड़ ने बताया कि छबड़ा उपखण्ड के ग्राम पंचायत सेमली के अलीनगर से सेमला के मैंन रोड पर सरकारी चारागाह एवं कुछ सेमला के खातेदारों की जगह खाली पड़ी हुई थी, जिस पर सैंकड़ों खेजड़ी के हरे वृक्ष खड़े हुए थे, खेजड़ी के वृक्ष होने के कारण सेमला के एक खातेदार ने तो उसे काश्त के लिए उपयोग में नहीं ले रखा था लेकिन क्षेत्र के ही कुछ अतिक्रमियों की वहां काफी दिन से नजरें थी,

गत एक दो दिन के अंदर ही वहां खड़े हुए सैकड़ों हरे भरे खेजड़ी के वृक्षों को अज्ञात लोगों ने काटकर धराशाही कर दिया। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही नहीं करेगा तो लगभग सारे वृक्ष काट दिए जाएंगे और सरकारी भूमि अतिक्रमी खेती करना प्रारंभ करने लगेंगे।

हरिप्रसाद पंवार को अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त

हेडलाइन न्यूज । बारां

अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास चनाल ने हरिप्रसाद पंवार की मेहनत, लगन और समाज के प्रति उनके कार्यों को देखते हुए पंवार को दूसरी बार अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा बारां जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही पंवार से प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की है कि वे सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक व आर्थिक उत्थान में संवैधानिक उपायों व प्रयासों में वाल्मिकी समाज के सर्वोंगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर समाज को संगठित एवं जागृत करने तथा उनमें नवचेतना का संचार करने में अपनी पूर्ण क्षमता व शक्ति का उपयोग करेंगे। पंवार की नियुक्ति से समाज के लोगों में हर्ष की लहर है। हर्ष व्यक्त करने वालों में छोटूलाल गोडाला, देवकीनंदन नरवाल, अशोक नरवाल, कालीचरण कंडारा, ओमप्रकाश भूमलिया, रमेशचंद लोहरा, संजय जसोना, भोटूलाल जसोना, अजय रोई, पप्पू धूलिया आदि शामिल रहे। जिलाध्यक्ष पंवार व समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष विकास चनाल का आभार व्यक्त किया है।

कनिका शर्मा मामले में दोषियों पर कठोर कार्रवाई व निर्दोषों को अपराध मुक्त करने की मांग

हेडलाइन न्यूज । बारां

कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने ज़िलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्री पहुंचे।

मीडिया प्रभारी पार्षद जाकिर खान ने बताया कि 25 जनवरी को ब्राहम्ण समाज की बहू कनिका शर्मा की डॉक्टरों की लापरवाही के चलते उसी दिन मृत्यु हो गई थी। जिसकी कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा की। साथ ही कठोर कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि जिन 14 व्यक्तियों पर नामजद व 20 अन्य पर झूठे मुकदमें कई धाराओं में दर्ज किए गए हैं, उनको निरस्त कर बनाए गए झूठें मुकदमें रदद किए जाए एवं पुलिस प्रशासन पर झूठे मुकदमें बनाने की कार्यवाही की जाए। सात दिन के अंदर यह कार्रवाई की जाए। समयावधि में प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर पर बंद के आह्वान के साथ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस सेवादल ने मांग की है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई व निर्दोषों को अपराध मुक्त किया जाए। ज्ञापन देने में पीसीसी सदस्य कैलाश शर्मा, ब्राह्मण महासभा के महासचिव गिरिराज शर्मा, डीसीसी उपाध्यक्ष अशरफ देशवाली, लेखराज शर्मा, नगर अध्यक्ष रोहित गुर्जर, आशाराम बैरवा, कुलदीप भूलाहेड़ी, राजेंद्र बैरवा, पार्षद हुकुम एयरवाल, अनवर अली, परवेज़ खान, लीलाधर नगर, शरीफ रंगरेज,समीर खान, पूर्व पार्षद प्रदीप बैरवा, विजय बैरवा, अजय सुमन, पवन पांचाल, राकेश गौड़, राकेश महावर, रशीद कबाड़ी, लीलाधर पांचाल, मनोज ओझा, सत्यंद्र सिंह, पवन शर्मा, कमल शर्मा, महफूज खान, चंद्रमोहन नागर, ओपी शर्मा, शाहिद भाटी आदि मौजूद रहे।

कोनिका शर्मा को दी सच्ची श्रद्धांजलि

हेडलाइन न्यूज । बारां

स्व.श्री ओमप्रकाश व्यास मानव सेवार्थ समिति बारां द्वारा हॉस्पिटल में विगत 2 वर्ष से चलाई जा रही खिचड़ी सेवा को आगे बढ़ाते हुए कुछ दिन पूर्व अकाल मृत्यु का ग्रास बनी कोनिका शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार जन द्वारा बारां के शहीद राजमल मीणा चिकित्सालय की मातृ एवं शिशु में दूध-बिस्किट वितरण किया गया।कोनिका की शुरु से ईच्छा थी इस सेवा कार्य को करने की उनकी इस ईच्छा को पूर्ण करते हुए परिवार जन द्वारा यह कार्य किया गया।समिति के अध्यक्ष अंशुल व्यास,पीयूष उपाध्याय, शशांक शर्मा, हरिमोहन गोयल द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेवा कार्य मे परिवार जन राहुल शर्मा, पवन शर्मा, मुकेश पाठक, प्रदीप सिंह,अभिषेक शर्मा, हेमंत प्रजापति,सोनू सेन,चेतन नगर मौजूद रहे ।

न्यू कोटा प्रोपर्टी डीलर एसोसियेशन का कलेक्ट्री पर प्रदर्शन

हेडलाइन न्यूज। कोटा

न्यू कोटा प्रोपर्टी डीलर एसोसियेशन द्वारा कलेक्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन कर कोटा विकास प्राधिकरण की व्याप्त अव्यवस्थाओ के विरोध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। न्यू कोटा प्रोपर्टी डीलर एसोसियेशन के तत्वावधान में कोटा विकास प्राधिकरण में सचिव व कार्यालय जिला कलेक्टर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटा को प्रोपर्टी सम्बन्धी समस्याओं बाबत एसोसियेशन अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा व नगर निगम प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। न्यू कोटा प्रोपर्टी डीलर एसोसियेशन के प्रवक्ता शमशेर परमानी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा विक्रय स्वीकृति के आवेदन पत्र के साथ मकान, भूखण्ड की फोटो मांगी जाती है जो अनुचित है चूंकि मकान, प्लाट का फोटो रजिस्ट्री के साथ कार्यालय में पूर्व में जमा होता है एवम् केशवपुरा सेक्टर-6 के मकानो-भूखण्डो की रजिस्ट्रीया, अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि कोई भी कार्य कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा नही किया जा रहा है जिससे अविलम्ब शुरू किया जावे। ज्ञापन द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य के अन्य प्राधिकरणो जयपुर, जोधपुर आदि में विक्रय स्वीकृति अनिवार्य नही है जबकि कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा विक्रय स्वीकृति जारी की जाती है जिस नियम को बन्द किया जावे। कोटा विकास प्राधिकरण के अलावा राजस्थान के अन्य विकास प्राधिकरणो में मुख्तारआम के द्वारा सभी कार्यवाहियो सम्पन्न की जा रही है। कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा भी मुख्तारआम से समस्त कार्यवाहियो सम्पन्न की जावे। इकरारनामा से प्रथम रजिस्ट्री की जावे एवम् नगरीय कर में ब्याज व पेनल्टी में छूट दी जावे एवम् रजिस्टर्ड मुख्तारनामा से जो रजिस्ट्री होती है उस रजिस्ट्री में छुट प्रदान की जावे। इस बाबत 26.02.2024 के आदेश को निरस्त किया जावे एवं पूर्व की भांति रजिस्ट्रीया की जावे। ले आउट पास कॉलोनियो के पट्टा, रजिस्ट्री जारी किया जावे। सचिव कोटा विकास प्राधिकरण व अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा उक्त ज्ञापन के संदर्भ में कार्यवाहीं करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर एसोसियेशन के महामंत्री मणिराज सिंह, दिलीप दाधीच, पुष्प कुमार जैन, मुकेश योगी, खेमराज वैष्णव, महावीर गौत्तम, त्रिलोक प्रजापति, राजेश अग्निहोत्री, अशोक बिन्दल, महावीर राठौर, रामकल्याण गौड़, खेमराज वैष्णव, अमित गुप्ता, महावीर प्रजापति, विमल मेहरा, धीरेन्द्र पोरवाल, पवन पारेता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पट्टा वितरण में भेदभाव नहीं हो, कोटा उत्तर में नहीं बांटे गए पट्टे

पट्टा वितरण की मांग को पूरा करे प्रशासनः कुरेशी

हेडलाइन न्यूज । कोटा

नगर निगम कोटा दक्षिण में बुधवार को एक समारोह में फोर्टवाल व स्कीम प्रभावित क्षैत्र केशवपुरा सेक्टर 4, रामतलाई, रेतवाली, मोखापाड़ा, न्यू साबरमती कॉलोनी, कैथूनीपोल, श्रीपुरा, गुमानपुरा छावनी क्षैत्र के निवासियों को अपना मालिकाना हक दिया गया लेकिन दूसरी और कोटा उत्तर नगर निगम के सैकडों लोग आज भी पट्टे का इंतजार कर रहे हैं, जो अपने हक से वंचित रह गए हैं।

कोटा उत्तर उप महापौर सोनू कुरैशी ने मांग करते हुए कहा कि कोटा उत्तर नगर निगम में भी जरूरतमंद व आवेदन करने वालों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। कोटा उत्तर नगर निगम के पार्षदों की एक बैठक सोनू कुरैशी के चैम्बर में आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्र के लोगों को भी पट्टा वितरण किया जाना चाहिए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा। सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर निगम में जिन लोगों के पट्टे लम्बित चल रहे हैं उन्हें भी पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। भेदभाव पूर्ण रवैये को बंद कर जनहित में सभी आवेदकों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। सोनू कुरैशी ने कहा कि शीघ्र ही कोटा उत्तर में भी पट्टों का वितरण किया जाए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बिना भेदभाव के हजारों लोगों को शिविर लगाकर पट्टों का वितरण किया गया था। सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर नगर निगम में लम्बित पट्टों का वितरण शीघ्र किया जाए ताकी आमजन को राहत मिले।

इस अवसर पर पार्षद उषा ठाकुर, अमरनाथ शर्मा, गोपाल दास, परवेज शिब्बू, शहर जिला कांग्रेस सचिव दीपक शर्मा, खेमराज सिंह टीटू, शिवम माथुर, निशा गौतम, विनोद गौतम, चेतना माथुर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने 16 कर्मचारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

हेडलाइन न्यूज । कोटा

नगर निगम कोटा दक्षिण के 16 सफाई कर्मचारियों के चेहरे खुशी से दमक उठे जब उनको 7 वर्ष पश्चात् नियुक्ति का पत्र प्राप्त हुआ। आज नगर निगम कोटा दक्षिण में आयोजित कार्यक्रम में कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने उक्त सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र बांटे। वर्ष 2018 में सफाई भर्ती के दौरान 16 सफाई कर्मचारी ऐसे में जिनके प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण इनको नियुक्ति नहीं मिल पायी थी। ऐसे में उक्त सफाई कर्मचारियों के द्वारा लगातार नियुक्ति के लिये प्रयास किये जा रहे थे। निगम प्रशासन के द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद इनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने सभी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुये कहां कि आप सभी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा व लगन से नगर निगम की सेवा करें और अपने कार्य के माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था का मूल रूप से ध्यान रखे।

इस अवसर पर महापौर राजीव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, उपमहापौर पवन मीणा, आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, आयुक्त उत्तर अशोक कुमार त्यागी, अति. आयुक्त-उत्तर जवाहर लाल जैन, उपायुक्त प्रथम महेश गोयल, उपायुक्त द्वितीय दयावती सैनी, उप नगर नियोजक सत्यनारायण राठौर, पार्षद सुरेन्द्र राठौर, योगेन्द्र सिंह राजावत, पी.डी. गुप्ता, आरती शाक्यवाल, लक्ष्मी मेहरा, नंद कंवर हाड़ा, रतन बाई, पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहरा, वेद प्रकाश कश्यप उपस्थित रहें।

राज्य स्तर की औसत वेज से अधिक मजदूरी पाने पर श्रमिकों के खिले चहरे

सीईओ के निरीक्षण के दौरान श्रमिकों ने योजना से ओतप्रोत गीतों पर किया नृत्य

हेडलाइन न्यूज । कोटा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत चल रहे कार्यों का जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी राजपाल सिंह ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होनें ग्राम पंचायत अलनिया में तलाई खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें मस्टररोल की जांच की जिसमें दर्ज सभी 130 नरेगा श्रमिक मौके पर मौजूद मिले। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह ने श्रमिकों से संवाद किया। श्रमिकों द्वारा इस बात पर संतोष व्यक्त किया गया कि उनका वेज रेट 250 रूपए आ रहा है जो कि उनके लिए राहत भरा है। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि आपको मिलने वाली औसत वेज रेट राज्य स्तर की औसत दर 207 से 43 रूपए अधिक है। यह एक अच्छा संदेश है। मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के निर्देशानुसार श्रमिकों को जिले में प्रगतिरत कार्यों की औसत मजदूरी पूरी मिले और वह अपनी टास्क पूरी करें इस पर ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें जिससे कि ग्रामीण परिवार योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके।इस दौरान उन्होनें वृद्धा एवं विधवा महिलाओं से सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के तहत पेंशन सम्बन्धित जानकारी ली गयी साथ ही पालनहार योजना की पात्र लाभार्थियों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नरेगा योजनान्तर्गत अन्य प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण किया।

क्रीड़ा भारती का प्रान्त सम्मेलन 2 को, खिलाड़ी और प्रशिक्षक होंगे सम्मानित

खिलाड़ियों की माताओं को करेंगे जीजामाता सम्मान से अलंकृत

हेडलाइन न्यूज । कोटा

क्रीड़ा भारती चित्तौड़ प्रांत का प्रांत सम्मेलन 2 फरवरी को प्रातः 11 बजे श्रीरामशान्ताय सभागार महावीर नगर तृतीय में आयोजित किया जाएगा। क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री बालमुकुंद यादव ने बताया कि सम्मेलन में सभी जिलों के संगठन के सदस्य, पदाधिकारी, क्रीड़ा केंद्रों के खिलाड़ी, उत्कृष्ट खिलाड़ी, प्रशिक्षक, विभिन्न खेल संघों, अकादमी, जिम एवं योग संस्थाओं से जुड़े हुए खिलाड़ी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रांत मातृशक्ति सह प्रमुख सोनिया राठौड़ ने बताया कि प्रांत सम्मेलन में उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों के साथ-साथ उनकी माता को भी जीजा माता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान मलखंब, योग, हत्था माला, मल्लयुद्ध, रस्साकसी, तलवारबाजी के साथ ही अन्य स्वदेशी खेलों और अखाड़े का प्रदर्शन किया जाएगा। कोटा महानगर के अध्यक्ष अभयवीर सिंह तोमर तथा उपाध्यक्ष नंदकिशोर पांडे ने बताया कि 2 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे सम्मेलन का उद्घाटन होगा। वहीं 1.45 पर खेल सत्र और 2.30 बजे समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में चित्तौड़ प्रांत के 12 जिलों से खिलाड़ी एवं पदाधिकारी पहुंचेंगे। कार्यालय प्रमुख विनोद वर्मा ने बताया कि प्रांत सम्मेलन में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन अवॉर्डी गोपाल सैनी, राष्ट्रीय महामंत्री राज चौधरी, अखिल भारतीय सह मंत्री रामानंद चौधरी, शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक कल्पना देवी, संदीप शर्मा, बीजेपी राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा, शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश गुप्ता, कुश्ती में महाराणा प्रताप अवॉर्डी रविंद्र पहलवान तथा अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर अरुंधति चौधरी अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे।

नंदलाल कुंभकार महासंघ में राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त

हेडलाइन न्यूज । कोटा

अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ नई दिल्ली मुंबई की नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संयोजक रामवृक्ष प्रजापति, अध्यक्ष सतीश, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मनोज प्रजापति ने समाजसेवी कोटा के नंदलाल प्रजापति को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। नंदलाल प्रजापति इससे पहले लगातार तीन बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं।

महासंघ के कोटा संभाग अध्यक्ष नंदकिशोर कुश्तला ने बताया किराजस्थान हाडोती संभाग मैं सामाजिक शिक्षा राजनीतिक आर्थिक रूप से समाज को संगठित और विकसित करने में वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं श्री नंदलाल प्रजापति अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के संस्थापक सदस्यों रूप में महत्वपूर्ण योगदान है प्रजापति ने हमेशा प्रजापति कुंभकार महासंघ कें कार्य रीति नीति को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में हमेशा अपनी अहम भूमिका निभाई है

कहानी लेखन में अकलंक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के बच्चों ने लहराया परचम

हेडलाइन न्यूज । कोटा

अखिल भारतीय साहित्य परिषद, राजस्थान की इकाई कोटा द्वारा प्रांतीय स्तर पर विद्यार्थियों में उत्कृष्ट साहित्य का प्रचार प्रसार व साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने हेतु, कुटुंब, परिवार भाव, भारतीय परिवार व्यवस्था एक सकारात्मक दृष्टि एवं औपनिवेशिकता के ऋणात्मक पक्ष में से कोई भी एक विषय पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के निर्देशानुसार, अकलंक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आयोजित पुरस्कार वितरण व साहित्यकार सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीनों ही स्थान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान महाविद्यालय की बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष की छात्रा अहिंसा गोस्वामी, द्वितीय स्थान रक्षित एच प्रजापति व तृतीय स्थान बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा शिखा हाडा ने प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

एफ.पी.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज

बस को अध्यक्ष राठौड़ ने झण्डी दिखाकर किया रवाना

हेडलाइन न्यूज । कोटा

कोटा बूंदी जिला दुग्ध संघ लगातार ग्राहकों की संतुष्टि और प्लांट को बढाने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता चला आ रहा है। इसी क्रम में नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात द्वारा आयोजित एफ.पी.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ जिसमें कोटा बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने प्रशिक्षण के लिए जाने वाले दल की बस को झण्डी दिखाकर रवाना किया। कोटा बूंदी जिला दुग्ध संघ के द्वारा संचालित एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर आगेर्नाइजेशन) कंपनी छोटी काशी सरस फोडर सीड़ कंपनी तथा कोटा सरस फोडर सीड प्रोड्यूसर की और से 20 व्यक्तियो को नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेने भेजा गया है। जिसमे चारा बीज, नेपियर स्टेम कटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण सयंत्र, साईलेज, नवीन बीज किस्मों का उपयोग उन्नत नवीन खेती विधियों, आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने बताया की नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात की तर्ज पर आगे बढ़ने की जरूरत है, इसके लिए प्रशिक्षण की अति आवश्यकता है ताकि कोटा बूंदी दुग्ध संघ भी प्रगति की और अग्रसर हो और चारा बीज, नेपियर स्टेम कटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण, उन्नत नवीन खेती विधियों को जान सके, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान भाईयों को लाभ हो और संघ भी प्रगति की और बड़े। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक सदस्य पर 2000 रुपए का वहन होगा, जिसमे 20 सदस्यों का खर्च 40 हजार रुपए होगा जो कि कोटा दुग्ध संघ के सीबीबीओ खाते से वहन किया जाएगा।

गाड़ी से पहले मोबाइल को पार्क करें : आरटीओ

परवाह थीम पर आधारित आरटीओ में दो दिवसीय जागरुकता प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

हेडलाइन न्यूज । कोटा

कोटा परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, कोटा सड़क सुरक्षा समिति, लायंस क्लब कोटा टेक्नो, लायंस क्लब कोटा साउथ, जोशीको ड्राइविंग स्कूल एवं विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से पिछले एक माह से लगातार पोस्टर, बैनर, नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी, जनजागृति अभियान, रिफ्लेक्टर लगाना, व्याख्यानमाला रैली के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात की जानकारी दी जा रही है, उन्हें मोटिवेट किया जा रहा है साथ ही सड़क दुर्घटना के कारणों से अवगत कराया जा रहा है।

बुधवार को छत्रपुरा स्थित पुराने आरटीओ कार्यालय में दो दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसका थीम परवाह था। शुभारंभ प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मनीष कुमार शर्मा द्वारा किया गया। आरटीओ ने बताया कि इस अवसर पर एक माह से चले आ रहे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के पोस्टर, बैनर, रैली, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यानमाला, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर व अन्य साधन संसाधनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया उनका प्रदर्शन यहां किया गया। कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सह सचिव व प्रदर्शनी के संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इंस्पेक्टर पूरण सिंह ने भी सड़क यातायात के बारे में अहम जानकारियां दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मनीष शर्मा ने कहा कि हर माता-पिता को अपने बच्चों की परवाह करनी चाहिए इसके लिए उन्हें हमेशा हेलमेट लगाकर गाड़ी चलानी चाहिए, सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए, यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, समय से पूर्व घर से निकलना चाहिए, गाड़ी में ओवर स्पीड नहीं हो, ओवरटेकिंग नहीं हो, ऐसा प्रसास करना चाहिए। माता-पिता सुरक्षित रहेंगे तो बच्चों की परवाह की जा सकेगी, उन्होंने कहा कि यही संस्कार युवाओं को भी शुरू से देने की आवश्यकता है ताकि वह जब गाड़ी चलाएं तो इन नियमों का पालन कर सके।

इस अवसर पर सहसंयोजक तनु जोशी ने कहा कि हमें एक अच्छे नागरिक के रूप में कार्य करते हुए सड़क नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर कई नारे भी लिखे गए जिसमें मुख्य रूप से गाड़ी से पहले मोबाइल को पार्क करें., नशे से मिलता है एक पल का मजा, पर देता है जिंदगी भर की सजा.., करेंगे परवाह तो रहेंगे सुरक्षित.., ऐसे कई स्लोगन के माध्यम से भी जन जागृति लाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी शिवलाल, इंस्पेक्टर राय सिंह, देवेंद्र जोशी, कोटा सड़क सुरक्षा समिति से शफ़फ़्क़त गौरी, भुवनेश गुप्ता, धीरेंद्र जोशी, तनु जोशी, शादमान गौरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग, आमजन, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्रेनर सत्यनारायण सुमन, रामावतार गोचर, रामप्रसाद मीणा सहित काफ़ी लोगो ने सहयोग प्रदान किया। गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी का समापन गुरुवार को होगा।

बंबूलिया में धर्म ध्वजा की स्थापना

हेडलाइन न्यूज । कोटा

इटावा के पास बम्बूलिया में तलाई के बालाजी पर धर्म ध्वजा की स्थापना की गई।

राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि बंबूलियां कलां के तलाई के बालाजी पर आध्यात्मिक चेतना बढ़ाने और पंचायत की सामाजिक समरसता को स्थापित करने के क्रम में धर्म ध्वजा की स्थापना बम्बूलिया कलां में हुई। ग्राम आचार्य ओम कृष्ण शर्मा ने मंत्रोच्चार द्वारा ध्वज पूजन करवाया एवं इस दौरान धर्म चर्चा में स्थानीय सरपंच अशोक मीणा, डीलर शंकर नागर पूर्व सरपंच हेमराज मीणा पूर्व डायरेक्टर सत्य नारायण मीणा, राकेश मीणा, रामहेत मीणा, नन्द बिहारी मीणा, राकेश मीणा, धीरज मीणा, सुरेंद्र शर्मा, जगदीश खारोल, गिरिजाशंकर शर्मा, मोहित, बजरंग लाल नागर, धर्मराज, ब्रजमोहन, रमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

संपादकीय

हादसों से सबक ले हो भीड़ प्रबंधन

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए। दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया। लेकिन इसके बावजूद पुलिस व अधिकारियों की चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से वे भीड़ के मिजाज को समय रहते भांप लिया जाता तो शायद हादसे को टाला जा सकता। हालांकि, मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की गई है। साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच जरूरी है कि स्थिति कैसे नियंत्रण से बाहर हो गई। यह एक निर्विवाद सत्य है कि गोपनीयता का पर्दा डालने से केवल अफवाहों व गलत सूचनाओं को ही बढ़ावा मिलता है। बहरहाल, आने वाले समय में श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत होगी कि वे अपने आसपास के घाट पर ही स्नान करके समान पुण्य अर्जित कर सकते हैं। यह भी कि संगम के सभी घाट समान रूप से पवित्र हैं। इससे चुनिंदा घाटों पर तीर्थयात्रियों का दबाव नहीं बनेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार के लिये प्रेरित किया जाना भी बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाएगी खपत

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र बन सकता है। निस्संदेह, मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा।

इन दिनों पूरे देश के साथ-साथ मध्यम वर्ग की निगाहें वित्तमंत्री द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले केंद्रीय बजट 2025-26 की ओर लगी हुई हैं। दरअसल, देश के विकास का इंजन कहे जाने वाले मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में धन की कमी के कारण उनके निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से विकास दर प्रभावित हो रही है। उम्मीद है कि वित्तमंत्री आगामी बजट में टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाएंगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि वित्तमंत्री नए टैक्स रिजीम के तहत 10 लाख रुपये तक की कमाई को टैक्स फ्री कर सकती हैं। इससे मध्यम वर्ग के हाथ में जो अतिरिक्त धनराशि बचेगी, उससे खपत बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी।

वस्तुतः मध्यम वर्ग के खर्च और निजी उपभोग का देश की विकास दर की रफ्तार से सीधा संबंध है। कोरोना-19 के बाद से मध्यम वर्ग के पास अपने उपभोग खर्च के बाद निवेश के लिए खर्च में लगातार कमी आ रही है। मध्यम वर्ग की जीवनशैली को बनाए रखने की लागत में अत्यधिक तेज वृद्धि ने इस वर्ग की वित्तीय मजबूती कम की है। बढ़ती हुई, खुदरा महंगाई ने भी मध्यम वर्ग के परिवारों पर वित्तीय दबाव को बढ़ा दिया है। पिछले वर्ष 2024 में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक के निर्धारित मानक से अधिक रही है। स्थिति यह है कि निजी उपभोग में कमी ने निजी पूंजीगत व्यय के चक्र की रफ्तार घटा दी है। कोविड-19 के बाद मध्यम वर्ग की कमाई की रफ्तार में कमी आई है। साथ ही बढ़ती वित्तीय देनदारी और कर्ज की किस्त अदायगी का बोझ बढ़ने से मध्यम वर्ग चिंतित है।

निस्संदेह, सरकार ने विगत वर्षों में जहां गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉर्पोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया। लेकिन सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। पिछले विभिन्न बजटों में मध्यम वर्ग की चिंताओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इस वर्ग पर लगाए गए कर की तुलना में इस वर्ग को सार्वजनिक सेवाओं के ज़रिए बहुत कम रिटर्न मिला है, ऐसे में यह अपेक्षा की जा रही है कि आगामी बजट सरकार के लिए लक्षित कर सुधारों को आगे बढ़ाने, शहरी उपभोग

मांग को बढ़ाने और मध्यम वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाने वाली सेवाओं को बढ़ाने वाला बजट होगा। उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र बन सकता है। निस्संदेह, मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले 10 वर्षों में लगातार आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर, 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण करीब 16 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 16 फीसदी से भी ज्यादा है। इस परिप्रेक्ष्य में आईसीआरए की रिपोर्ट कहती है कि आगामी बजट में सरकार व्यक्तिगत आयकरदाताओं को राहत दे सकती है, इससे कर संग्रह पर असर पड़ने का खतरा नहीं है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। इस अनुमान का आधार आय और कॉर्पोरेट कर राजस्व में इजाफा होना है। अप्रत्यक्ष करों में 9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। जीएसटी संग्रह में 10.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। सीमा शुल्क में भी 5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

ऐसे में मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दे सकती है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान नए बजट में दिखाई दे सकते हैं। नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में और बदलाव हो सकता है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। 30 प्रतिशत की दर को 20 लाख रुपये से अधिक की आय वालों पर लागू किया जाना अत्यधिक लाभप्रद होगा। नए बजट के तहत आयकर से संबंधित पुराने टैक्स रिजीम के अंतर्गत धारा 80सी के तहत छूट बढ़ाई जा सकती है। नए बजट 2025-26 में पुराने टैक्स रिजीम के तहत भी स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट बढ़ाई जा सकती है। अभी पुरानी व्यवस्था में नौकरीपेशा लोगों और पेंशनधारकों को 50,000 रुपये तक की छूट दी जाती है। नई टैक्स रिजीम के तहत 75,000 रुपये की कटौती का लाभ मिलता है।

वहीं दूसरी ओर अभी आयकर के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है।

वित्तमंत्री आयकर सुधारों के तहत वर्ष 2025-26 के बजट सत्र में नया आयकर कानून पेश कर सकती हैं। इसका मकसद मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 को आसान, स्पष्ट और समझने योग्य बनाना है। इसके तहत अनावश्यक और अप्रचलित प्रावधानों को हटाया जाएगा। कर विवादों को कम किया जाएगा। टैक्सपेयर्स के लिए अनुपालन को आसान बनाया जाएगा।

शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में 84 बीघा वनभूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

हेडलाइन न्यूज । बारां

शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के नाहरिया वनखंड के नीमथूर गांव में बुधवार को वन विभाग के लवाजमे ने 3 जेसीबी से करीब 84 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया है। शेरगढ़ अभयारण्य क्षेत्रीय वनाधिकारी जितेंद्र खटीक ने बताया कि नाहरिया वनखंड के नीमथूर ग्राम की वन सीमा पर कुछ अतिक्रमियों द्वारा अवैध रूप से काश्त की जा रही थी। इसकी सूचना पर मुख्य वन संरक्षक आरके खैरवा के निर्देश पर उप वन संरक्षक अनुराग भटनागर के मार्गदर्शन में कार्रवाई की है। सहायक वन संरक्षक प्रेम सिंह की अगुवाई में रेंज भैंसरोडगढ़ की टीम, क्षेत्रीय वनाधिकारी अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क की टीम, वन्यजीव अभयारण्य शेरगढ़ का स्टाफ, उप वन संरक्षक बारां के रेंज छीपाबड़ौद, छबड़ा एवं अटरू की टीम सहित वन विभाग का स्टाफ, छीपाबड़ौद पुलिस जाब्ता, बीसीएमओ छीपाबड़ौद से एंबुलेंस,

मेडिकल टीम, पछाड़ प्लांट से फायर ब्रिगेड सहित मौके पर पहुंचे। कार्रवाई में 48 से ज्यादा वनकर्मियों ने 3 जेसीबी और 20 से अधिक वॉलेंटियर की मदद से करीब 84 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसी भूमि पर पक्की दीवार की नींव खोदी गई। शीघ्र की वन खंड की 6 फीट ऊंची पक्की दीवार बनाकर बंद कर लिया जाएगा।

वॉक-ओ-रन में स्पोर्ट्स कोचेज करेंगे शहरवासियों का उत्साहवर्धन

अब तक 60 हजार हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट वितरित

हेडलाइन न्यूज । कोटा

हार्टवाइज सोसायटी की ओर से कोटा में 9 फरवरी को होने जा रहे देश के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट वॉक-ओ-रन से शहरवासियों के जुड़ने का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। वॉक-ओ-रन का हिस्सा बनने के लिए हर वर्ग के शहरवासियों में उत्साह नजर आ रहा है। इस संदर्भ में बुधवार को नयापुरा स्थित उम्मेद क्लब में एथलेटिक्स कोच ने टीम हार्टवाइज के साथ संवाद किया। इसमें अलग-अलग खेलों के कोच शामिल हुए। सभी ने मिलकर एक स्वर में हार्टवाइज टीम के साथ वॉक-ओ-रन में शामिल होकर शहरवासियों का उत्साहवर्धन करने की बात कही।

इस दौरान टीम हार्टवाइज के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने कहा कि शहर का हर वर्ग साथ आ रहा है। रजिस्ट्रेशन जोरों पर चल रहे हैं। वर्चुअल वॉक-ओ-रन में शामिल होकर अपनी सहभागिता प्रदर्शित करेंगे। 9 फरवरी को कोटा शहर में पहली बार सनराइज कॉन्सर्ट भी होगा। वॉक ओ रन मैराथन का रूट अंटाघर अंडरपास से शुरू होकर एसपी ऑफिस, सेना क्षेत्र होते हुए गवर्नमेंट कॉलेज और महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम होगा।

इस संवाद में डॉ.साकेत के साथ हार्टवाइज टीम के शक्ति सिंह, राहुल जैन, कपिल जैन, राहुल सेठी तथा कोटा के स्पोर्ट्स अधिकारी वाई बी सिंह, प्रशिक्षक मधु फुटबॉल (महिला), तरुण एथलेटिक्स, सूरज गौतम, तौफीक हुसैन वुशु, नरेंद्र पाटनी कुश्ती, प्रीतम सिंह बॉक्सिंग, अक्षय वैष्णव एथलिट, दीपक हॉकी, लोनी शर्मा फुटबॉल, कविता आर्चरी, विनोद फुटबॉल, हरी सिंह एथलेटिक, आर्मी ट्रेनिंग, रिंकू एथलेटिक्स, कमलेश मेहरा ताइक्कांडो, शुभम सिंह कुश्ती, आबिद शेख जुडो, आदित्य पंवार कुश्ती, विनोद गरेवाल ताइक्कांडो, मुकेश कराते, सोनाक्षी यादव कबड्डी और नंदिनी कँवर फुटबॉल से शामिल हुई।

15 हजार हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट बांटेंगे

हार्टवाइज टीम के सदस्य कपिल जैन ने बताया कि हृदयाघात से हो रही मौतों में कमी लाने तथा लोगों को हृदयाघात के प्रति जागरूक रहने के उद्देश्य से हार्टवाइज टीम ने हार्टअटैक जीवन रक्षक किट वितरण शुरू किया था। शहर में 30 हजार किट बांटने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन लगातार मांग के चलते अब तक 60 हजार से अधिक किट वितरित किए जा चुके हैं और अभी भी लोगों की मांग को देखते हुए 15 हजार किट और अधिक बनवाए गए हैं, जिन्हें लोगों को बांटा जा रहा है।

हुकम जैन काका ने दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क किया

हेडलाइन न्यूज । कोटा

कोटा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व दिल्ली विधानसभा चुनाव में सदर बाजार विधानसभा के समन्वयक हुकम जैन काका ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में कई स्थानों पर जनसंपर्क किया, इस दौरान दिल्ली कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य से राजनीतिक चर्चा भी की, इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनुराग जैन समेत दिल्लीके कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे ।

अजय वाल्मीकि हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

हेडलाइन न्यूज, कोटा। कोटा शहर की महावीर नगर थाना पुलिस ने अजय वाल्मीकि हत्याकांड में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को भी पकड़ा है। आरोपी सालभर से फरारी काट रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 2-2 हजार का इनाम घोषित था। डीएसपी मनीष शर्मा ने बताया- हत्या के आरोप में फरार चल रहे विशाल कुमार (26) निवासी हरिओम नगर और चंदू साहरवान (20) निवासी वीर सावरकरनगर को कोटा शहर से गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। गठित टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही थी। हत्या के मामले में दो आरोपियों पप्पू वाल्मीकि व विष्णु वाल्मीकि को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मृतक अजय वाल्मीकि (20) वीर सावरकर नगर का निवासी था। 27 दिसंबर 2023 को अजय अपने दोस्त राजू के साथ जा रहा था। भंडारी स्टेशनरी के पास राजू की विष्णु,सुमित नामक युवकों से कहासुनी हुई थी। झगड़े में विष्णु व उसके साथियों ने राजू का सिर फाड़ दिया था। राजू ने इसकी शिकायत थाने में दी थी।अजय इस मामले में गवाह था। आरोपियों ने अजय को गवाह नहीं बनने को कहा था। गवाह बनने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। 29 दिसंबर की रात 8 बजे करीब आरोपी अजय को घर से बुलाकर ले गए। चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। अजय के भाई शक्ति ने 6 लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दी थी।

विकास समिति की बैठक आयोजित

हेडलाइन न्यूज, छबड़ा। राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक प्राचार्य अरविंद प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम प्रभारी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में विकास समिति सचिव अशोक कुमार मीणा ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा छात्र हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गएम बैठक में हिम्मत सिंह सिंघवी राज्य सरकार प्रतिनिधि व अशोक भार्गव भामाशाह सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र प्रतिनिधि व अविभावक ने भाग लिया। वही खेल सप्ताह में महाविद्यालय की टीमों का क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ज्योति कलश यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत

हेडलाइन न्यूज, छबड़ा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांत कुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का छबड़ा के ग्रामीण क्षेत्रो में धूमधाम से स्वागत किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम पंचायत गुगोर, कड़ैयावन एवं मुंडला के गांव आंचोली, कोटड़ी, दिलोद आदि गांवों में पुष्प वर्षा, माल्यार्पण, पूजा-आरती स्वागत सत्कार किया।यात्रा के साथ टोली द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी के बच्चो का मार्गदर्शन किया गया। यात्रा का नेतृत्व गायत्री मंदिर के ट्रस्टी हरिओम सेन, तेजकरण गालव, पन्नालाल नागर एवं गणपत सिंह द्वारा किया गया।

टंकी गिरने से बच्चे की मौत, 3 लोगों को जेल

18 साल बाद आया कोर्ट का फैसला

हेडलाइन न्यूज । कोटा

कोटा में टंकी गिरने से बच्चे की मौत के मामले में 3 लोगों को दो-दो साल की सजा सुनाई गई है। वहीं 3 लोगों को दोषमुक्त किया गया है। मामला 18 साल पुराना है, जिसमें 27 जनवरी को फैसला आया है। फैसला कोर्ट 1 दक्षिण कोटा के मजिस्ट्रेट रजत गुप्ता ने सुनाया है। फैसले में राजेश बिरला (52), संजीव साहनी (36) और अनिल ईनाणी (36) को दो-दो साल की सजा दी गई। इसके साथ ही साढ़े तीन-साढ़े तीन हजार का जुर्माना लगाया गया है। वहीं चेतन कोली, रामप्रसाद और रामदयाल को दोषमुक्त किया गया है। जानकारी अनुसार- 10 अप्रैल 2006 को गुमानपुरा थाना क्षेत्र छावनी स्थित शकुंतला अपार्टमेंट की छत की पानी की टंकी गिर गई थी। टंकी गिरने से इमारत के पास के मकान की पट्टियां टूट गई थी। हादसे में पास के मकान में रहने वाले रघु जैन की पत्नी और उनके दो बच्चे घायल हुए थे। इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई थी। पीड़ित रघु जैन की शिकायत पर गुमानपुरा पुलिस ने बिल्डिंग मालिक, ठेकेदार सहित संबंधित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने मामले में 6 लोगों के खिलाफ चालान पेश किया। कोर्ट में 18 गवाहों के बयान करवाए।

शिखर कलशारोहण, सिंहद्वार लोकार्पण, संत भवन शिलान्यास दो दिवसीय कार्यक्रम 31 से

हेडलाइन न्यूज । बारां

भारत गोरव स्वस्तिधाम तीर्थ प्रणेत्री परम विदुषी लेखिका गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्ति भूषण माता जी के मंगल आशीर्वाद तथा प्रेरणा से श्री खण्डेलवाल दिगम्बर जैन समाज बारा द्वारा श्री 1008 संभवनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, कृष्णा नगर, बारां में दिनांक ~ 31 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक शिखर कलशारोहण,सिंहद्वार लोकार्पण, संत भवन शिलान्यास दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा । प्रवक्ता अमित जैन बारा ने जानकारी देते हुवे बताया कि 31 जनवरी को सुबह 7 बजे संभवनाथ मंदिर से नवीन चांदी की पालकी में श्रीजी को विराजमान कर भव्य शोभायात्रा, घट यात्रा निकाली जाएगी।शोभायात्रा में सबसे आगे श्रीजी विरजमान चाँदी की नवीन पालकी उसके पीछे विद्या पूर्ण दिव्य घोष, जैन समाज के महिला केसरिया पिला रंग व पुरुष सफेद रंग में शोभायात्रा में शामिल होंगे, शोभायात्रा कोटा रोड पर हौंडा शोरूम होते हुवे महावीर गार्डन पहुचेगी , जहाँ पर श्रीजी को पांडुशिला पर विराजमान किया जाएगा। प्रतिष्ठाचार्य अंशुल भैया

के निर्देशन में सुबह 9~00 बजे आचार्य निमंत्रण,ध्वजारोहण वह मंडप शुद्धि का कार्यक्रम संपादित होगा, 10 बजे से इंद्र प्रतिष्ठा वह अभिषेक पूजा का कार्यक्रम संपन्न होगा जहां पर श्रीजी का अभिषेक किया जाएगा। 1 बजे से श्री शांतिनाथ मंडल विधान प्रारम्भ होगा, साय 6 बजे महाआरती होगी व 7.30 बजे प्रतिष्ठाचार्य अंशुल भैया के द्वारा प्रवचन होंगे , प्रवचन समाप्ति के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, आदिल एन्ड पार्टी गढ़ा कोटा द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा , 1 फरवरी को सुबह 7.30 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन होगा, व यागमण्डल विधान व हवन होगा, प्रात 11 बजे शिखर पर दंड व ध्वज पताका व सिंहद्वार का लोकार्पण मन्त्रचार के साथ होगा, इसके साथ ही संत भवन का शिलान्यास उसके उपरांत वात्सल्य भोज आयोजित किया जाएगा।

साइकिल के विवाद में मर्डर का फरार आरोपी 57 साल बाद गिरफ्तार

नाम बदलकर दिल्ली में बसा लिया था परिवार, रिश्तेदारों से तोड़ लिया था नाता

हेडलाइन न्यूज । कोटा

कोटा की रामगंजमंडी पुलिस ने 57 साल पुराने मर्डर के आरोपी को दिल्ली के मंगोलपुरी से गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने के लिए हत्यारे ने अपना नाम बदलकर परिवार बसा लिया था। इतना ही नहीं उसने अपने रिश्तेदारों से भी नाता तोड़ लिया था। इसके कारण वह पुलिस की पकड़ से दूर था। हत्या के 3 साल बाद 1971 में कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर था। 10 दिन पहले दिल्ली पुलिस से आरोपी का इनपुट मिला था। इस पर पुलिस ने मुखबीर को एक्टिव किया और 4 दिन की रेकी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। 20 साल की उम्र में मर्डर कर भागा एसएचओ छोटूलाल ने बताया- प्रभुलाल उर्फ प्रेमसागर (77) साल 1968 में कोटा के रामगंजमंडी में रहता था। उस समय उसकी उम्र 20 साल थी। उसने कुंभकोट के रहने वाले भवाना (25) को 35 रुपए में साइकिल बेची थी। भवाना ने साइकिल के पैसे देने से इनकार कर दिया था। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया था। एसएचओ ने बताया 11 मई 1968 को प्रभुलाल ने गुस्से में पत्थर से हमला कर भवाना की हत्या कर दी थी। मृतक भवाना के मामा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ था, लेकिन तब तक प्रभुलाल फरार हो गया था। हत्या के बाद प्रभुलाल दिल्ली चला गया था और मंगोलपुरी में जाकर बस गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया।

एसएचओ छोटूलाल ने बताया- साल 1971 में कोर्ट ने प्रभुलाल को भगोड़ा घोषित कर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। 1968 में सुकेत थाना नहीं था। हत्याकांड का मामला रामगंजमंडी थाने में दर्ज हुआ था। साल 2000 में सुकेत थाना बनाया गया। वारदात स्थल कुंभकोट सुकेत थाने में आने से हत्याकांड की फाइल सुकेत थाने को सौंप दी गई, तब से ही सुकेत थाने में फाइल पेंडिंग थी। करीब 7 महीने पहले ढ्ढक्क सुजीत शंकर ने कोटा ग्रामीण एसपी के पद पर जॉइन किया था। इस दौरान उन्होंने सुकेत थाने का निरीक्षण किया था। उन्होंने लंबे समय से पेंडिंग पड़े हत्या के मामले में आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस ने अपने मुखबीर तंत्र को एक्टिव किया। थाने की स्पेशल टीम ने भी राजस्थान के साथ ही मध्यप्रदेश, हरियाणा और दिल्ली राज्यों की पुलिस से संपर्क किया और आरोपी के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। 10 दिन पहले दिल्ली पुलिस से आरोपी का इनपुट मिला।

स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्रबंधन खेल-खेल में

भारत में खेल देखा नहीं, बल्कि जीया जो जाता है। आज से दो दशक पहले की बात करें तो क्या क्रिकेट और क्या फुटबाल, दर्शकों की दीवानगी तो खूब दिखी, लेकिन जुनूनी हद तक कभी नजर नहीं आई। माया का बढ़ता प्रभाव कहें या फिर आम और खास आदमी की भारी होती जेब, आज जिस तरह का बदलाव नजर आ रहा है, उसने साबित कर दिया कि मार्केट में खेल भी बिकता है।

क्रिकेट, फुटबॉल तो फिर भी खासे पापुलर खेल हैं, आज तो हॉकी, बैडमिंटन से लेकर बॉक्सिंग तक और टेनिस से लेकर कुश्ती तक हर खेल और उसके खिलाड़ी दर्शकों के पसंदीदा बनते जा रहे हैं। खिलाड़ी जो चला वह अर्श पर और जो असफल रहा वह फर्श पर। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि खेल-खिलाड़ियों की दुनिया में इतनी रंगीनी, लोगों की इतनी दिवानगी अचानक कैसे पैदा हुई तो जवाब मिलता है मार्केटिंग फिट हो तो सब हिट। बस यही बात अहम है, जो आज स्पोर्ट्स चाहे वो क्रिकेट हो या फिर हॉकी या निशानेबाजी, सभी के लिए टीवी से लेकर स्टेडियम तक, क्लब से लेकर कॉलोनी की सड़कों तक दर्शकों का अच्छा-खासा जमावड़ा लगने लगा है। इस दीवानगी से दर्शकों को चाहे जो मिले, आयोजकों को मोटी आमदनी जरूर हो जाती है। खेल के साथ मुनाफे को जोड़ने में उम्दा मैनेजरों की भूमिका किसी से छुपी नहीं है और यही वह कारण है कि आज स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एक पॉपुलर करियर ऑप्शन के तौर पर पहचान बना रहा है।

क्या है स्पोर्ट्स मैनेजमेंट

मैनेजमेंट से सीधा पर्याय है बेहतर प्रबंधन, फिर वह चाहे स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ही क्यों न हो। स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का सीधा अर्थ है खिलाड़ियों के खेल से परे एक मैच के आयोजन से जुड़ी हर छोटी-बड़ी चीज का बेहतर प्रबंधन। चूंकि आज खेल का सीधा सम्बंध मुनाफे से जुड़ गया है, सो स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का अर्थ है एक आयोजन का इस तरह से मैनेजमेंट करना, जिससे कि उम्दा आयोजन के साथ-साथ अधिकतम मुनाफा कमाया जा सके। स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए सबसे पहली अनिवार्य योग्यता है खेल और उससे जुड़े तमाम पहलुओं से जुड़ा होना। बैचलर डिग्री कोर्स के लिए बारहवीं पास उम्मीदवारों का मैरिट के आधार पर दाखिला होता है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए कम से कम 40 फीसदी अंकों से ग्रेजुएट होना जरूरी है। इसी तरह स्पोर्ट्स इकोनॉमिक्स एंड मार्केटिंग सरीखे सर्टिफिकेट कोर्स के लिए आवेदक का बारहवीं पास होना ही पर्याप्त है यानी जैसी योग्यता, वैसे पाठ्यक्रम में अध्ययन का अवसर यहां उपलब्ध है।

विस्तृत होता दायरा यानी भरपूर विकास

स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का दायरा बेहद विस्तृत है यानी इसमें विकास की भरपूर सम्भावनाएं मौजूद हैं। यह एक ऐसी फील्ड है, जिससे जुड़े प्रोफेशनल खेल को जानते तो हैं, लेकिन खिलाड़ी नहीं हैं। ऐसे लोग खेलते तो नहीं हैं, लेकिन खेल से होने वाले मुनाफे व उससे जुड़ी अन्य गतिविधियों में इनकी भूमिका अहम होती है। स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के तहत आने वाली फील्ड की बात करें तो इसमें ब्रांड-इंडोर्समेंट, स्पोर्ट्स गुड्स प्रमोशन, फैशन-गैजेट प्रमोशन, ग्राउंड अरेंजमेंट, सिलेब्रिटी मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स एजेंट और स्पोर्ट्स टूरिज्म जैसी कई स्पेशलाइज्ड फील्ड आती हैं। इन सभी में कहीं न कहीं एक अच्छा मैनेजर ज्यादा से ज्यादा फायदा कमाने का प्रयास करता है और यही उसकी विशेषज्ञता की असल पहचान होती है। मतलब खिलाड़ी अपना खेल खेलता है, लेकिन उसके माध्यम से होने वाली कमाई का खेल और उसका प्रबंधन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कहलाता है। खिलाड़ी के खाने-पीने, पहनने-ओढ़ने और तो और उसके हैल्थ ड्रिंक के प्रमोशन तक से मुनाफा कमाया जा रहा है।

आज के दौर में उपयोगिता

रोनाल्डो की टी-शर्ट हो या फिर सचिन तेंदुलकर की दस नम्बरी टी-शर्ट, मार्केट में उतरने के बाद भले उसे तैयार करने की लागत 100 रुपये ही क्यों न हो, फैंस उसे 500 व 1000 रुपये में यूं ही खरीद लेते हैं। यही है स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का मार्केटिंग फंडा। आज के दौर में कभी खेल के मैदान पर नजर आने वाले स्पोर्ट्स शूज हमारी दैनिक जरूरत का सामान बन चुके हैं। हम और आप बेहद शान के साथ उन जूतों को पहन ऑफिस तक तन कर पहुंच जाते हैं। यही है स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का प्रभाव। आज के दौर में इसकी बढ़ी उपयोगिता का अंदाजा लगाने की बात की जाए तो क्रिकेट में सचिन बिकता है तो फुटबॉल में बाईचुंग भूटिया। आज के दौर में कुश्ती के सुशील कुमार की पहचान किसी से छिपी नहीं और न ही बॉक्सिंग प्लेयर विजेन्द्र व अखिल कुमार की। खेल चाहे जो हो, आज मार्केटिंक के बूते आम जनता के बीच सब बिक रहा है। मुनाफे की इस अंधी दौड़ में कमाने वाला जम कर कमा रहा है। दर्शकों का रूझान नई-नई उपलब्धियों को देख कर नए-नए खेलों की ओर बढ़ रहा है। आईपीएल की बात करें तो यहां तो भारतीय खिलाड़ियों का जमावड़ा नजर आता है, लेकिन फीफा जिसमें भारतीय प्रतिनिधित्व भी नहीं है तो भी भारतीय दर्शकों के बीच यह खेल इस कदर पैठ बना चुका है कि रात 12 बजे लोग मैच देखते हैं और सुबह उठ कर मैदान में फुटबॉल के साथ अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हैं। खेल के प्रति बढ़ी यही दीवानगी है, जिसके लिए आम आदमी की जेब से पैसा निकलते देर नहीं लगती और इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए ही स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एक्सपर्ट जुटे रहते हैं। मैदान के अंदर और बाहर हर जगह, हर तरह से मुनाफा कमाया जा रहा है। पुलेला गोपीचंद को प्रसिद्ध मिली तो अपनी अकेडमी खोल औरों को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। मार्केटिंग अपने आप ही हो गई, जब एक स्टार खिलाड़ी ही अकेडमी खोल सिखाएगा तो भीड़ जुटना तो लाजमी है। यही वह कारण है कि रोहतक की सायना नेहवाल हैदराबाद तक पहुंच जाती है। आज साइना अपने आप में एक चर्चित नाम है। ऐसा नाम, जिसके आधार पर मार्केट में मुनाफा कमाया जा रहा है।

नौकरी के अवसर

जिस तरह से खेल और खिलाड़ियों के लिए सम्भावनाओं में इजाफा हो रहा है, ठीक उसी तरह आज के दौर में स्पोर्ट्स फील्ड से जुड़ी अन्य दिशाओं में विस्तार की प्रक्रिया जोरों पर है। आईपीएल से लेकर फीफा तक हर जगह, आपके लिए रोजगार की भरमार है। आप चाहे आयोजन स्थल पर हों या फिर उससे सात समंदर पार। इस फील्ड में आप ईवेंट मैनेजर, स्पोर्ट्स एजेंट, पीआर एगजीक्यूटिव, ब्रांड प्रमोटर, ब्रांडिंग एक्सपर्ट, सिलेब्रिटी मैनेजर, ग्राउंड मैनेजर, गेम प्रमोटर, स्पोर्ट्स टूरिस्ट सहित स्पोर्ट्स एनालिस्ट तक तमाम क्षेत्रों में काम कर सकते हैं।

वेतन

कमाई एक ऐसा पहलू है, जो खेल की पॉपुलेरिटी पर निर्भर करता है। जो आमदनी या मुनाफा क्रिकेट व फुटबॉल प्रमोटर को मिलती है, वह कुश्ती व हॉकी वालों को नहीं। लेकिन आज के दौर में इस फील्ड में सक्रिय एक्सपर्ट किसी एक खेल से ही नहीं जुड़े हैं। शुरुआती आमदनी की बात करें तो पीजी कोर्स कर इस फील्ड में आने पर आपको शुरुआती कमाई 15 से 20 हजार रुपये मासिक होती है, जबकि सर्टिफिकेट कोर्स में यह कम होकर 10 से 12 हजार रह जाती है।

किसी भी फिल्म के निर्माण और उस फिल्म को कामयाब बनाने में एक बड़ी टीम की कड़ी मेहनत होती है। परदे पर दिखने वाले कलाकार के अलावा भी कई ऐसे लोग होते हैं, जो दिन-रात मेहनत कर फिल्म को दर्शकों तक लाने के काबिल बनाते हैं। उन्हीं में से एक होता है सिनेमाटोग्राफर। किसी फिल्म की सफलता का जितना दारोमदार एक निर्देशक, लेखक और कलाकार पर होता है, उतनी ही सिनेमाटोग्राफर पर भी होता है। शूट के हिसाब से दृश्य तैयार करने, डायरेक्टर के हिसाब से लाइटिंग और कैमरा सेट करने की पूरी जिम्मेदारी इसी की होती है।

सिनेमाटोग्राफी लैंस के पीछे एक खास करियर

कागज के फूल, प्यासा और साहब बीवी और गुलाम जैसी कामयाब फिल्में तो आपने देखी ही होंगी। इन फिल्मों की कामयाबी को हम सिर्फ गुरुदत्त से जोड़ कर देखते हैं, लेकिन इन फिल्मों की कामयाबी के पीछे जाने-माने सिनेमाटोग्राफर वीके मूर्ति का भी बहुत बड़ा हाथ था। उन्होंने बॉलीवुड में कई दशक का सफर तय किया। आइफा से लेकर दादा साहब फाल्के अवॉर्ड भी उन्हें मिला। सिनेमाटोग्राफी का तकनीकी कमाल निर्मल जानी की फिल्मों पत्थर के फूल, बॉर्डर और राजू चाचा में भी दिखा। संतोष सिवन ने रोजा, रुदाली के जरिए अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। उन्हें भी बॉलीवुड का हुनरमंद सिनेमाटोग्राफर माना जाता है। ये तो महज उदाहरण भर हैं। बॉलीवुड में ऐसे दर्जनों सिनेमाटोग्राफर हैं, जिन्होंने कैमरे के कमाल से रुपहले परदे पर खूब धमाल मचाया। संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक और सांवरिया भले ही कमर्शियल रूप से हिट न हुई हों, लेकिन इनकी अद्भुत सिनेमाटोग्राफी की चर्चा आज भी फिल्मी गलियारों में होती है। दरअसल, किसी भी फिल्म के निर्माण और उस फिल्म को कामयाब बनाने में एक बड़ी टीम की कड़ी मेहनत होती है। परदे पर दिखने वाले कलाकार के अलावा भी कई ऐसे लोग होते हैं, जो दिन-रात मेहनत कर फिल्म को दर्शकों तक लाने के काबिल बनाते हैं। उन्हीं में से एक होता है सिनेमाटोग्राफर। कहने का मतलब यह कि किसी फिल्म की सफलता का जितना दारोमदार एक निर्देशक, लेखक और कलाकार पर होता है, उतनी ही सिनेमाटोग्राफर पर भी होता है। शूट के हिसाब से दृश्य तैयार करने, डायरेक्टर के हिसाब से लाइटिंग और कैमरा सेट करने की पूरी जिम्मेदारी इसी की होती है। वह अपनी बेजोड़ तकनीकी एवं कलात्मक कौशल की बदौलत डायरेक्टर एवं फिल्म के सीन की मांग के मुताबिक आर्टिस्ट को परदे पर बेहतर ढंग से पेश कर पाता है। यानी अपनी तकनीकी कला से फिल्मों में जान डालने का काम अगर कोई करता है तो वह है सिनेमाटोग्राफर। उसमें विजुलाइजेशन और लाइटिंग की बेहतरीन समझ होती है। व्यावसायिक तकनीकी ज्ञान, क्रिएटिविटी व कल्पनाशक्ति उसमें कूट-कूट कर भरी होती है। अगर आप भी फिल्म इंडस्ट्री में एक हुनरमंद सिनेमाटोग्राफर के रूप अपनी पहचान बनाना चाहते हैं तो आपको भी अपने भीतर छुपे इन गुणों को विकसित करना होगा, तभी आप स्वतंत्र रूप से फिल्मों, धारावाहिकों, डॉक्यूमेंट्रीज, म्यूजिक एलबम, वीडियो/विज्ञापन फिल्मों को बना सकते हैं या फिर प्रोडक्शन हाउसेज में बतौर सिनेमाटोग्राफर काम कर सकते हैं। भले ही यह फील्ड ग्लैमर की चकाचौंध से भरपूर हो, लेकिन यह जान लेना चाहिए कि इसमें करियर बनाने के लिए पहली शर्त है क्रिएटिविटी और धैर्य, साथ ही आप में सीन्स, लाइटिंग, एंगल्स, फिल्टर्स, शॉट्स, मूवमेंट की समझ हो, तभी इस क्षेत्र में करियर बनाएं तो बेहतर है।

कैमरा है अहम

इसमें मोशन पिक्चर कैमरे का इस्तेमाल होता है, जो सामान्य कैमरों से अलग है। इसे कोई नौसिखिया हैंडल नहीं कर सकता। इसके लिए प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है। कैमरा प्लेसमेंट, सेट या लोकेशन पर लाइटिंग की व्यवस्था, कैमरा एंगल वगैरह-वगैरह को ध्यान में रखते हुए सिनेमाटोग्राफर डायरेक्टर के साथ सीन विजुलाइज करता है। दिन, रात, सुबह, शाम, बारिश, आंधी आदि का सीन कब लेना है, एक सिनेमाटोग्राफर अच्छी तरह जानता है। एक अच्छा सिनेमाटोग्राफर बनने का मूलमंत्र होता है कम समय में फटाफट काम। आपको याद होगी संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया, जो एक स्टूडियो में शूट की गई थी। इसमें लाइटिंग और विजुलाइजेशन का बेहतरीन इस्तेमाल हुआ है। इसी तरह कृष, कोई मिल गया, धूम और धूम-2 में दिखाए गए स्टंट सीन भी सिनेमाटोग्राफी के बेहतरीन उदाहरण हैं। यहां आप यह भी जान लें कि लाइटिंग और कलर के बेहतरीन संयोजन के लिए कैमरा भी नवीनतम तकनीक का होना चाहिए। कैमरे से फिक्शन, एडवरटाइजिंग, डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए कहां कैमरे का कैसे इस्तेमाल करना है, इसकी समझ जरूरी है।दृश्य के माहौल को बदलने के लिए लाइटिंग का उपयोग किया जाता है, जिससे दिन और रात की अदल-बदल होती है। लाइटिंग की जरूरत हर शूट में पड़ती है। इसका काम हर तरह के लाइटिंग इफेक्ट्स को तैयार करके रखना होता है। सिनेमाटोग्राफी में प्रयुक्त होने वाला कैमरा हर कोई आसानी से नहीं खरीद सकता, क्योंकि इसकी कीमत 10 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये तक होती है।

योग्यता

सिनेमाटोग्राफी के लिए पहले किसी खास योग्यता की दरकार नहीं समझी जाती थी, लोग किसी सीनियर या नामी सिनेमाटोग्राफर के असिस्टेंट के तौर पर काम सीख लेते थे, लेकिन अब इससे संबंधित कुछ कोर्स शुरू हो गए हैं, जिनके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं अनिवार्य कर दी गई है, तभी आप डिप्लोमा, डिग्री या पीजी डिप्लोमा जैसे कोर्स कर सकते हैं। कुछ इंस्टीटयूट्स में सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू हो गया है।

कोर्स की अवधि

सिनेमाटोग्राफी में तीन वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन मोशन पिक्चर सिनेमाटोग्राफी, पीजी डिप्लोमा इन सिनेमाटोग्राफी के अलावा एक वर्षीय डिप्लोमा और छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स भी उपलब्ध है। तीन वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक योग्यता ग्रेजुएशन है। सरकारी संस्थानों में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टैस्ट देना होता है। डिप्लोमा और डिग्री के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं है। इसके अलावा प्रमुख कोर्सेज हैं सर्टिफिकेट और डिप्लोमा इन सिनेमाटोग्राफी, डिप्लोमा इन मोशन पिक्चर फोटोग्राफी, डिप्लोमा इन वीडियो कैमरा एंड लाइटिंग, डिप्लोमा इन वीडियो एडिटिंग एंड साउंड रिकॉर्डिंग।

एड फिल्म मेकिंग

एड फिल्म मेकिंग का क्षेत्र भी आज प्रगति के नये आयाम लिख रहा है। विज्ञापन ही है, जिसके जरिए लोगों तक न सिर्फ जानकारी पहुंचाई जाती है, बल्कि आकर्षक और जानकारीपरक प्रस्तुति से लोगों को प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के लिए उत्सुक किया जाता है। मिसाल के तौर पर वोडाफोन का कुत्ता, जूजू और ठंडा मतलब कोकाकोला। 2 से 3 घंटे की अवधि वाली फिल्मों की बनिस्बत विज्ञापन फिल्म मेकिंग कुछ सेकंड या मिनटों की होती है, लेकिन उन चंद सेकंड में ही सारी बातें बयान कर दी जाती हैं। चंद सेकंड के विज्ञापन कैसे दर्शकों के मन-मस्तिष्क में घर कर जाते हैं, ये तो किसी विज्ञापन की लोकप्रियता से पता चलता ही है। एड फिल्म मेकिंग में भी सिनेमाटोग्राफर अपना अहम रोल अदा करता है। इसमें उन लोगों की ज्यादा डिमांड है, जो लीक से हट कर कुछ सोचते हैं।

नौकरी के अवसर

पूरी दुनिया में सबसे अधिक फिल्म और सीरियल भारत में बनते हैं। अगर भारतीय सिनेमा जगत पर नजर डालें तो यहां हर साल अलग-अलग भाषाओं में आठ सौ से अधिक फिल्में बनती हैं। अमूमन एक फिल्म में दो सौ से अधिक लोगों का योगदान होता है, इसलिए डायरेक्टर, प्रोडयूसर, एक्टर, सिनेमाटोग्राफर, म्यूजीशियन, टेक्निशियन के अलावा जूनियर स्टाफ के लिए भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर हैं। सिनेमाटोग्राफर के तौर पर फिल्म, टीवी, प्रोडक्शन हाउसेज, टीवी सीरियल में स्वतंत्र रूप से या किसी डायरेक्टर के साथ जुड़ कर भी काम किया जा सकता है। अनुभव हो जाने के बाद फ्रीलॉन्स सिनेमाटोग्राफर के रूप में अपना नेटवर्क विकसित कर स्वतंत्र रूप से भी काम कर सकते हैं।

वेतन - फिल्म इंडस्ट्री में कई सिनेमाटोग्राफर हैं, जिनकी कमाई आज लाखों में है। यदि आप किसी फिल्म या सीरियल को शूट कर रहे हैं तो 10 से लेकर 30 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से पैसा मिल सकता है। वैसे शुरुआती वेतन 8 हजार से 10 हजार है। 5 साल के तजुर्बे के बाद आपको मनमुताबिक वेतन मिल सकता है, 50 हजार से 1 लाख तक। इसमें फ्रीलॉन्स वर्क की भी काफी गुंजाइश है। खुद का प्रोडक्शन हाउस या विज्ञापन फिल्म बना कर भी वारे-न्यारे किये जा सकते हैं।

पीड़ित पुजारी बैठे भूख हड़ताल पर

हेडलाइन न्यूज । कोटा

राजस्थान पुजारी सेवक महासंघ के नेतृत्व मे आज हाड़ौती संभाग के समस्त पुजारी संभागीय आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर भुख हड़ताल पर बैठे। जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया की जब तक पुजारीयो को न्याय नहीं मिलेगा पुजारी परिवार भूख हड़ताल पर रहेंगा सांगोद तहसील के ग्राम देगनिया में महिला पुजारन के साथ कुछ असामाजिक तत्वो ने घर में घुसकर मारपीट की और उसका मकान तोड़ दिया गया जिसके विरोध मे आज पुजारियो ने संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरना दिया।

संभागीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने बताया कि आज भुख हड़ताल पर पवन वैष्णव, राजेश बैरागी व धनराज सुगंधा बैठे।

धरना स्थल पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने आकर पीड़ित पुजारी परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।प्रदर्शन करने वालो मे प्रसार मंत्री राजेंद्र शर्मा, संगठन मंत्री आनंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री दयाराम, तहसील सचिव महावीर गोस्वामी, झालावाड़ जिलाध्यक्ष लोकेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष बनवारी और महासचिव विनोद, तहसील अध्यक्ष बनवारी शर्मा, दीपक शर्मा, लव कुश, दीपक देवली, उपाध्यक्ष गिरधर दाधीच, रघुवीर बैरागी, पवन वैष्णव, कीर्ति वैष्णव, अनिल शर्मा, ब्राह्मण कल्याण परिषद के अनिल शर्मा, शिवसेना से सुरेश गोस्वामी, रौनक शर्मा, समर सिंह व सत्यनारायण मीणा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मुख्यालय अधिकारियों ने कोटा, सवाई माधोपुर रेल खण्ड पर संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण किया

हेडलाइन न्यूज । कोटा

पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्तर के अधिकारियों की इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम द्वारा कोटा-सवाईमाधोपुर खण्ड के मध्य कापरेन-घाट का बराना के मध्य यातायात समपार फाटक सं. 134, घाट का बराना स्टेशन, लबान-लाखेरी के मध्य मेज नदी पर मेजर ब्रिज सं. 250, लाखेरी इंद्रगढ़ खण्ड में कर्व सं. 50 अप एवं इंजीनियरिंग समपार फाटक सं. 137, इंद्रगढ़ स्टेशन पर प्वाइंट नं. 118, सवाई माधोपुर का ट्रेक्शन सब स्टेशन एवं सवाईमाधोपुर स्टेशन का संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण किया गया। सभी क्षेत्रीय रेलों पर इंट्रा-रेलवे संरक्षा ऑडिट नियमित रूप से किये जाते हैं। इसके अन्तर्गत संरक्षा ऑडिट टीम में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों द्वारा बेहतर संरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने एवं प्रणालीगत कमियों के निराकरण हेतु सकारात्मक प्रयास किये जाते हैं। इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीण खोराना के नेतृत्व में, मुख्य विजली वितरण इंजीनियर जगराम मीना, कोटा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एल. के. धुरंधर एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कोटा निरीश कुमार राजपूत की उपस्थिति में किया गया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण, कोटा मंडल के अभियान्त्रिकी, यॉन्त्रिक, संकेत एवं दूर संचार, टीआरडी, विद्युत एवं परिचालन विभागों के शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के अन्तर्गत एसबीआई ने दिया 20लाख का चैक

हेडलाइन न्यूज । कोटा

भारतीय स्टेट बैंक की कोटा नगर की मुख्य शाखा में एसबीआई जनरल बीमा की व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी धारक धनराज सुमन की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को 20 लाख की राशि का चैक प्रदान किया गया।

सहायक महाप्रबन्धक राघवेन्द्र कुमार द्वारा श्रीमती खानही बाई को 20 लाख का चैक सौंपा गया। भारतीय स्टेट बैंक अपने चालू, बचत खाता धारकों हेतु एसबीआई जनरल बीमा की व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी के अन्तर्गत बीस लाख की पॉलिसी प्रदान करता है। वर्तमान में यह राशिबढ़ाकर रू. 40 लाख कर दी गई है। इस अवसर पर समस्त शाखा सदस्य, उप शाखा प्रबन्धक संदीप गहलोत एवं एसबीआई जनरल के प्रतिनिधी एजाज खान एवं सुश्री मनीषा दास भी उपस्थित थे।

मीता अग्रवाल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

हेडलाइन न्यूज । कोटा

जेसीआई सुरभि की अवार्ड सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में वर्षभर सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्ष नेहा सेठी ने बताया कि इस अवसर पर लाईफटाइम अचीव मेंट अवार्ड से मीता अग्रवाल को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि मीता अग्रवाल को हाल ही में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सेवा कार्यों के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी सम्मानित किया गया था।

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर 628 मरीजों को मिला लाभ

हेडलाइन न्यूज । कोटा

रिद्धि सिद्धि जैन मंदिर, कुन्हाड़ी चंद्रप्रभु मंदिर परिसर में गुरू सेवा संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के पहले दिन 628 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में दमोह के सुप्रसिद्ध वैद्य रोहित भैया का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिविर का उद्घघाटन भाजपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने किया। गुरूसेवा संघ व कुन्हाडी जैन मंदिर पदाधिकारियों द्वारा उनका इस अवसर पर सम्मान भी किया गया। कार्याध्यक्ष पारस बज आदित्य ने बताया कि शिविर में डॉ. वैभव जैन और डॉ. मियलेश जैन की विशेष उपस्थिति में मरीजों को देखा।

इस शिविर के पुण्यार्जक नाथुलालजी अशोक, संजय बालेश, अनुराग, मौलिक एवं समस्त सांवला परिवार है। मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा ने बताया कि शिविर में 6 माह के शिशुओं से लेकर 90 वर्ष तक के बुजुर्गों का इलाज किया जा रहा है। शिविर 30 जनवरी को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक जारी रहेगा।

होलसेल व्यापारियों ने कोतवाली थाना प्रभारी का किया स्वागत

हेडलाइन न्यूज । कोटा

होलसेल व्यापार महासंघ संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी के नेतृत्व में कोतवाली थाना नए प्रभारी महेश कुमार के आगमन पर शास्त्री मार्केट होलसेल व्यापार संघ के उपाध्यक्ष चिमन जेसवानी नरेश कुमार पुरानी सब्ज़ी मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ शिवाजी बाज़ार महामंत्री हेमंत गर्ग बर्तन बाज़ार सचिव रवि जैन ठठेरा गली होलसेल व्यापार संघ से पुरुषोत्तम एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। बागड़ी ने होलसेल बाज़ारों सुंदर धर्मशाला, इंद्रा मार्केट, पुरानी सब्ज़ी मंडी, चार खम्बा, बजाज खाना, विजय मार्केट, घंटाघर, रामपुरा, बॉस बल्लीगली, शिवाजी बाज़ार, टींबर मार्केट, अग्रसेन बाज़ार, गिरजाघर की गली, गीता भवन रोड सब्ज़ी मंडी मैन रोड मोहन टॉकीज रोड जवाहर बाज़ार आदि के व्यापारियों को हो रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया।थाना प्रभारी महेश द्वारा आश्वासन दिया कि एवं व्यापारी जनता स्थानीय निवासी आदि की भावनाओं का सम्मान करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर करने का भरोसा दिलाया।

घड़ी डिटर्जेंट का देश की नींव अभियान लॉन्च

हेडलाइन न्यूज । कोटा

घड़ी डिटर्जेंट ने अपने नए अभियान देश की नींव को लॉन्च किया है, जो एक प्रेरणादायक फिल्म के माध्यम से समाज के उन नायकों को सम्मानित करता है, जो हमारे देश की मजबूती की नींव रखते हैं। यह अभियान केवल एक मार्केटिंग पहल नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के कठिन प्रयासों का जश्न है जो अक्सर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। फिल्म दर्शाती है कि कैसे व्यक्तिगत मेहनत और एकता हमारे समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है।देश की नींव का उद्देश्य यह बताना है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और हर व्यक्ति के योगदान से बड़ा बदलाव आ सकता है। इस अभियान में घड़ी डिटर्जेंट उन नायकों को सम्मानित करता है, जो रोज़ अपने काम से समाज की मजबूती में योगदान करते हैं।यह अभियान समाज के नायकों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। इसका संदेश है कि हर प्रयास महत्वपूर्ण और सराहनीय है। यह अभियान उन लोगों का सम्मान करता है जो मेहनत, एकता और सुधार के लिए समर्पित रहते हैं और दूसरों को प्रेरित करते हैं।दशकों से, घड़ी डिटर्जेंट एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। इस अभियान के माध्यम से, घड़ी उन नायकों को सम्मान देना चाहता है, जिनकी दिन-प्रतिदिन की मेहनत भारत की समृद्धि की नींव बनती है।आरएस पीएल समूह के जेएमडी राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा, हमें देश की नींव अभियान लॉन्च कर उन लोगों को सम्मानित करना है जो निस्वार्थ भाव से एक बेहतर भारत के लिए काम करते हैं। यह अभियान हमारे साझा संघर्ष और लाखों भारतीय परिवारों के भरोसे का प्रतीक है, जिन्होंने वर्षों से घड़ी को अपना साथी माना है।यह अभियान भारत की आत्मा के साथ ब्रांड के जुड़ाव को भी दिखाता है। अभियान के पीछे ब्रांड टीम का नेतृत्व गौरबा रथ ने किया। अन्य प्रमुख सदस्यों में वरुण चौहान, चंदन प्रकाश श्रीवास्तव, पारस वोहरा, और आयुष कालरा शामिल हैं, जिन्होंने इस अभियान को साकार किया।

कथा जीवात्मा को परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग दर्शन कराती है :पं. अनिल दीक्षित

हेडलाइन न्यूज । कोटा

महावीर नगर विस्तार योजना स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही भागवत कथा में बुधवार को भगवान श्री नृसिंह व श्री वामन अवतार के प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा वाचक पंडित अनिल दीक्षित ने कहा कि अपने भक्त के वचन को सिद्ध करने व अपनी सार्वभौमिकता को प्रमाणित करने के लिए भगवान खंभे से प्रकट हुए।

उन्होंने कहा कि परमात्मा तो धरती के कण कण में विराजमान हैं, किन्तु उन्हें प्रकट करने के लिए हमें प्रेम से पुकारना पड़ेगा। यह भागवत कथा इस जीवात्मा को परमात्मा तक पहुंचने तथा परमात्मा को प्रकट करने का मार्ग दर्शन कराती है। इसका श्रवण मनुष्य के जीवन से मौत का भय दूर कर परम प्रेम को प्रकट करता है। इस अवसर पर भगवान नृसिंह व भगवान वामन अवतार की सजीव झांकी का दर्शन कराया गया।मंदिर समिति के अनुसार आज कथा के मुख्य यजमान बुद्ध सिंह हाड़ा, गोविन्द शर्मा, दशरथ नागर व महेश चन्द गौतम ने भागवत पूजन कर आरती की, वार्ड पार्षद देवेन्द्र चौधरी ने भी पुण्य लाभ प्राप्त किया। गुरूवार को कथा में राम अवतार व कृष्ण अवतार के प्रसंग सुनाया जाएगा साथ नन्द महोत्सव मनाया जाएगा।

जेसीआई कोटा स्टार ने स्कूली बच्चों को शूज बांटे

हेडलाइन न्यूज । कोटा

जेसीआई कोटा स्टार के अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल ने बताया कि स्टार के सदस्य गौरव गरिमा अग्रवाल के द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रंगबाड़ी में छात्र छात्राओं को स्कूल शूज एवं अल्पाहार की व्यवस्था की की गई। स्कूल शूज पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष मोहित जैन, रवि गर्ग, दीप्ति गर्ग, गौरव अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, गौरव सोनी, पंकज बजाज, ब्रह्मानंद गर्ग, मयंक अग्रवाल उपस्थित थे।

नया नोहरा के पास 59 करोड़ से होगा सर्विस रोड का निर्माण

एन.एच.आई. ने 6.5 कि.मी सड़क के लिए स्वीकृत की राशि

हेडलाइन न्यूज । कोटा

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 कोटा बाईपास के पास नया नोहरा से उम्मेदगंज की ओर यातायात और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एन.एच.आई. ने 6.5 किमी लंबी सर्विस रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से एन.एच.आई. ने सर्विस रोड के लिए 59.5 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। यह निर्माण कार्य नयानोहरा तक दोनों ओर किया जाएगा। सर्विस रोड के निर्माण के साथ ही लाइटिंग, ट्रैफिक साइनेज, मेटल बिम क्रेस बैरियर, नालियों और जंक्शन सुधार कार्य भी कराए जाएंगे।

दुर्घटनाओं में आएगी कमी

बाईपास के दोनों ओर बसावट बढ़ रही है। सर्विस रोड न होने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती थी। सर्विस रोड के निर्माण से आसपास के क्षेत्रवासियों और किसानों भी राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। क्षेत्रवासियों द्वारा सर्विस रोड निर्माण की मांग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन दिया गया था। अब एन.एच. आई ने इसकी स्वीकृति दे दी है।

कोटा मंडल के देवी सिंह बॉक्सिंग मे निर्णायक की भूमिका के लिए चयनित

हेडलाइन न्यूज। कोटा

राष्ट्रीय खेल भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा 29 जनवरी से 8 फरवरी, तक पिथौरागढ़, उत्तराखंड में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बॉक्सिंग खेल में निर्णायक के रूप में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा कुल 5 खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के इंजीनियरिंग विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक के रूप में कार्यरत देवी सिंह को चुना गया है। उत्तराखंड में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय खेल में बॉक्सिंग निर्णायक के तौर पर चयनित होने पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी एवं मंडल खेलकूद अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव सहित विभाग के सभी साथी कर्मचारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

बिहार समाज विकास समिति के अजय अध्यक्ष, कमलकांत महामंत्री, कोषाध्यक्ष धनजी यादव बने

हेडलाइन न्यूज । कोटा

बिहार समाज विकास समिति का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह रंगबाड़ी स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। समिति के संरक्षक संजय यादव ने बताया कि इस अवसर पर बिहार समाज विकास समिति के सर्वसम्मति से चुनाव भी संपन्न हुए। जिसमें संरक्षक संजय यादव, अध्यक्ष अजय गुप्ता, महामंत्री कमलकान्त शर्मा, कोषाध्यक्ष धनजी यादव को नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा होते ही उपस्थित बिहार समाज बंधुओं ने सभी का माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर सुदर्शन गुप्ता, आकाश गुप्ता, संतोष शर्मा, टुनटुन यादव, सत्येन्द्र यादव, शंकर दयाल गुप्ता, बृजमोहन शर्मा, नंदकिशोर गुप्ता, भगवान यादव, कमलेश सिंह राजू, रंजन सिंह समेत समिति के अन्य पदाधिकारी व सैंकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय शृंगार निबंध एवं कविता प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

हेडलाइन न्यूज । कोटा

संस्कृति, साहित्य, मीडिया फोरम, कोटा की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय साहित्य, चित्रकला और मूर्तिकला में शृंगार विषय पर आयोजित निबंध एवं कविता प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए है। संयोजक डॉ. प्रभात कुमार सिंघल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में झालावाड़ के इतिहासविद ललित शर्मा और रूपजी रूप घाटोली संयुक्त रूप से प्रथम कोटा की नेहा प्रधान और अर्चना शर्मा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा जयपुर की अक्षय लता शर्मा, कोटा की रीता गुप्ता एवं अल्पना गर्ग संयुक्त रूप से तृतीय रहे। शृंगार में कविता प्रतियोगिता में कोटा की डॉ. वैदेही गौतम एवं डॉ. कृष्णा कुमारी संयुक्त रूप से प्रथम, डॉ. अपर्णा पांडेय एवं जयपुर की अक्षयलता शर्मा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा हनुमानगढ़ के दीनदयाल शर्मा, हनुमानगढ एवं पिड़ावा झालावाड़ की तितिक्षा गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय रहे।

पुण्यतिथि पर निराश्रित लोगों को भोजन कराया

हेडलाइन न्यूज । कोटा

शरीरदानी नेत्रदानी स्वर्गीय अमिता भार्गव स्मृति संस्थान के अध्यक्ष अरुण भार्गव ने बताया कि पूर्व पार्षद, नगर विकास न्यास के सदस्य, सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष स्वर्गीय विनय भार्गव की माताजी श्रीमती राधा रानी भार्गव की 27 सी पुण्यतिथि पर निराश्रित लोगों को भोजन कराया गया उसमें आकाश भार्गव प्रदीप भार्गव उपस्थित रहे।यह जानकारी दी।

जेजेएम के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो: जिला कलेक्टर

ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

हेडलाइन न्यूज । बूंदी

जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में बुधवार को केशवरायपाटन पंचायत समिति के सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने उपखण्ड क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, निर्माण कार्यों की प्रगति जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं कृषि कनेक्शन को जारी करने में वरीयता सूची का विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने कहा कि पेयजल और शौचालय की सुविधा से वंचित राजकीय विद्यालयों, सीएचसी व पीएचसी में प्राथमिकता से इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण केंद्र के प्रस्ताव शीघ्र बनवा कर भेजने, ग्राम पंचायतों से केडीए को भूमि हस्तांतरण के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी क्षेत्र में संचालित जल जीवन मिशन के तहत नौनेरा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत उच्च जलाशय निर्माण के दौरान रोड कटिंग के बाद होने वाले रिपेयर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। केशोरायपाटन में निर्माणाधीन आरओबी, अरनेठा आरओबी के भूमि अवाप्ति में तेजी लाकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाया जावे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के तहत हुए कार्यों के बिल शीघ्र भिजवाए ताकि जल्द से जल्द उनका भुगतान किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि गैर खातेदारी से खातेदारी अधिकार के प्रकरणों का निस्तारण करें और राजस्व वसूली के कार्य को भी गति प्रदान की जावे। शमशान व कब्रिस्तान के प्रस्ताव बनवा कर भिजवाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राजकार्य राजकाज सॉफ्टवेयर पर ही संपादित हो, इसकी पूर्ण सुनिश्चितता की जावे। इसके अलावा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण भी किया जावे। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करने सहित नीति आयोग द्वारा निर्धारित आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत निर्धारित बिंदुओं में तय मानकों में पिछड़ने वाले बिन्दुओं में विशेष प्रयास किये जावे। सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सुचारू रूप से आपूर्ति, कानून व्यवस्था, ई-फाइलिंग प्रणाली क्रियान्वयन, विभागीय योजना, निरीक्षण एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सीएमओ, कोर्ट कैसेज के निस्तारण की स्थिति, पत्थरगढ़ी, सम्पर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के निस्तारण आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीआर जाट, उपखण्ड अधिकारी केशवराय पाटन दीपक खटाना, उपखण्ड अधिकारी लाखेरी भावना सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, पुलिस उपाधीक्षक आशीष भार्गव, सार्वजनिक निर्माण विभाग, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत बूंदी जिले की दसवीं पीएचसी दबलाना ने एनक्यूएस सर्टिफेक्ट प्राप्त किया

हेडलाइन न्यूज । बूंदी

राष्ट्रीय स्तरीय टीम दुवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दबलाना, का ह्क्र्र दिनाक 13 एवं 14 दिसम्बर को निरीक्षण किया था। जिसमें संस्था के छ डिपार्टमेंट का गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत निरक्षण किया गया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी सामर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर का एसेसमेंट है जिसमे 70त्न अंक संस्था प्राप्त कर लेती है तो आगामी 3 साल तक तीन लाख , रुपए प्रत्येक साल मिलते हैं जिसमें 25 परसेंट स्टॉफ इंसेंटिव होता है तथा 75 परसेंट संस्थान का कायाकल्प करने में काम आते हैं ।

अब इस पीएचसी को भी यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है अब तक जिले की 10 संस्थाओं को यह पुरस्कार प्राप्त हो चुका है जिस में बासी, रानीपुरा, नमाना, बड़ा नयागांव, गंभीरा, पेच की बावड़ी गुड़ा नाथावत, मटुदा, जेके बरना,भी सम्मिलित है जिला स्तरीय अधिकारी सीएमएचओ साहब, डॉ ओ पी सामर , एडिशनल सीएमएचओ डॉक्टर महेंद्र त्रिपाठी, डिप्टी सीएमएचओ डॉक्टर कमलेश शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल माथुर। जिला स्तरीय क्वालिटी टीम में, शोभित गहलोत, जितेंद्र असोलिया, श्याम लाल सोनी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश मड़ावरा, बीपीएम अशोक वैष्णव ,एवं चिकित्सा संस्थान से डॉक्टर गणेश लोधा, डॉक्टर रवि यादव, राजा राम, जय कुमार, परमेश्वर, ओम प्रकाश, विकास ,देवीशंकर,दीपक पराशर, वंदना, द्वारा सहयोग किया गया।

कम फ़ीस मे अच्छी शिक्षा देना वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट की प्राथमिकता: तुषार दुबे

हेडलाइन न्यूज । कोटा

वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे ने कहा की कम फ़ीस मे स्टूडेंट्स को अच्छी शिक्षा देना वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट की प्राथमिकता है। पढ़ाई के लिए आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। अब वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट मे स्टूडेंट्स कम फीस व गरीब स्टूडेंट्स बिना फीस के भी कर सकेंगे नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी। वंदना केरियर इंस्टिट्यूट ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नीट की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाईन व ऑफलाइन फ्री क्लास शुरू की है। जिसमें गरीब व जरूरतमंद स्टूडेंट्स को नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ की फ्री में तैयारी कारवाई जाएगी। वंदना केरियर इंस्टिट्यूट के निर्देशक तुषार दुबे पिछले कई सालो से ऑनलाइन नीट की तैयारी कर रहे हजारों छात्रों को फ्री क्लास देकर नीट की तैयारी करवा कर नीट की परीक्षा पास करवा रहे है। यही नहीं टॉप 1000 रेंक में 18 छात्र तुषार दुबे की फ्री क्लास के भी स्टूडेंट शामिल हैं। साथ ही तुषार दुबे 12वी तक के गरीब छात्रों को भी मुफ़्त क्लास देकर पढ़ाते हैं। तुषार दुबे सर के नाम से लोकप्रिय तुषार दुबे का लगातार प्रयास है की कोई भी स्टूडेंट पैसो के अभाव में शिक्षा से वंचित ना रहे।

सचिव सरिता मीणा द्वारा रेन बसेरों का निरीक्षण

हेडलाइन न्यूज । बूंदी

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा जिला मुख्यालय पर स्थित रैन बसेरा देवपुरा , रैन बसेरा लंका गेट व रैन बसेरा छत्रपुरा का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि रैन बसेरों में उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं जैसे आवासीयों के लिए रजाई, कम्बल, तकिया, पीने योग्य पानी, सफाई व्यवस्था, महिलाओं व पुरूषों के लिए रहने की अलग-अलग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, प्राथमिक उपचार व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, रोग वाहक कीट नियंत्रण व्यवस्था, विशेष योग्यजन, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं की उपलब्धता व चिकित्सा व्यवस्था आदि बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरूस्त करने के लिए रैन बसेरे के प्रभारी अधिकारी, केयर टेकर को निर्देशित किया गया।

गुगोर गांव स्थित बिजासन माता मंदिर पर मेले का शुभारंभ

हेडलाइन न्यूज । छबड़ा

छबड़ा उपखण्ड के गुगोर गांव स्थित बिजासन माता मंदिर पर हर वर्ष लगने वाले मेले का बुधवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मत सिंह सिंघवी सहित अन्य कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गुगोर ग्राम पंचायत के सरपंच राजेन्द सिंह खारोल ने बताया कि मुख्य अतिथि वरिष्ट भाजपा नेता हिम्मत सिंह सिंघवी द्वारा माता की पूजा अर्चना कर व झंडा चढा कर मेले का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में प्रधान हरिओम नागर, विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह मीणा, विद्युत विभाग सहायक अभियंता मोहम्मद अंसार, नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन, सेमली अध्यक्ष रामप्रसाद नागर, बापचा अध्यक्ष हेमराज लोधा, भाजपा नेता मोहन नागर, पूर्व सरपंच राम दयाल नागर, राम प्रसाद नागर सहित अन्य प्रतिनिधि व अधिकारी रहे।

वहीं सरपंच राजेंद्र सिंह खारोल, ग्राम विकास अधिकारी गिर्राज सुमन सहित वार्ड पंच व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान पंचायत की ओर से अतिथियों का साफा बांधकर व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। सरपंच खारोल व ग्राम विकास अधिकारी सुमन ने बताया कि यह मेला 14 फरवरी तक चलेगा।

8 थानों में जब्त 357 किलो मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया

हेडलाइन न्यूज । बूंदी

जिले के 8 पुलिस थानों में जब्त अवैध मादक पदार्थ का निस्तारण बुधवार को किया गया। थानों में 17 प्रकरण मादक पदार्थ के दर्ज हुए थे।

इन प्रकरणों में अवैध मादक पदार्थ गांजा, डोडा चूरा, अफीम के पौधे जब्त किए थे। इस पूरे मादक पदार्थ को एक साथ जलाकर नष्ट कर दिया। एसपी राजेंद्रकुमार मीणा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय, आईजी कोटा के निर्देशानुसार निस्तारण किया गया। अवैध मादक पदार्थ को न्यायालय से भौतिक सत्यापन के बाद जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा 357 किलो 542 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, डोडा चूरा व अफीम के पौधे जब्त किए थे। जिले के थाना कोतवाली, सदर, लाखेरी, बसोली, दबलाना, गेंडौली, हिंडौली, तालेड़ा में प्रकरण दर्ज हुए थे। अवैध मादक पदार्थ 245 किलो 292 ग्राम गांजा, 99 किलो 450 ग्राम डोडा चूरा, और 12 किलो 800 ग्राम अफीम के पौधे नष्ट किए हैं। यह सारा मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से बरामद किया था। मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिलाओं व छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

हेडलाइन न्यूज । बूंदी

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत राजस्थान मरु उड़ान कार्यक्रम की श्रखला में साइबर क्राइम की घटनाओं को रोकने तथा महिलाओं व स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए महिला अधिकारिता विभाग द्वारा एक्शन एड यूनिसेफ व सर्वमंगल ग्रामीण विकास संस्थान के संयुक्त तत्त्वाधान जिला व पंचायत स्तर पर साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता जागरूकता व संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के वरिष्ठ सहायक रविराज मिश्रण ने उपस्थित महिलाओं को राजस्थान मरु उड़ान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आज के डिजिटल युग में बढ़ते हुए डिजिटलीकरण के साथ, हमारी व्यक्तिगत और व्यावसायिक जानकारी ऑनलाइन संवेदनशील हो गई है। साइबर हमलों और डेटा उल्लंघनों के बढ़ते खतरे को देखते हुए, साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। महिला अधिकारिता विभाग से जेंडर स्पेशलिस्ट विनिता अग्रवाल ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में अपने बैंक खाता से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा पासवर्ड या ओटीपी इत्यादि को किसी से भी शेयर ना करने, ओलएक्स पर कुछ भी सामान खरीदने या बेचने में सावधान रहें। एक्शन एड-यूनिसेफ जिला समन्वयक जहीर आलम ने बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों बाल विवाह, बाल श्रम, लिंग आधारित भेदभाव आदि विषयों पर चर्चा करते हुए बताया कि किसी अनजान के कहने पर कोई भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन न करें। किसी भी अनजाने नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करना तथा साइबर अपराध से सुरक्षा के अन्य तौर-तरीकों के बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर पन्नाधाय केंद्र प्रबंधक पूर्णिमा गौतम, परामर्शदाता सलोनी शर्मा, प्रिया मिश्रण, अक्षिता मिश्रण ने भी साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। इसी प्रकार पंचायत स्तर पर साइबर क्राइम की घटनाओं को रोकने तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढा सदावर्तिया, नैनवा में किया गया जिसमें आरसेटी से आये वित्तीय साक्षरता सलाहकार डीपी काबरा और सर्वमंगल ग्रामीण विकास संस्थान के राहुल पांडे ने साइबर खतरों तथा साइबर हमलों के विभिन्न प्रकारों जैसे फिशिंग, रैंसमवेयर और हैकिंग आदि के बारे में शिक्षित करते हुए सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहारों को अपनाने तथा और डिजिटल दुनिया में आत्मविश्वास से नेविगेट करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सुरक्षित पासवर्ड प्रथाओं को अपनाने, सार्वजनिक वाई-फाई का सावधानीपूर्वक उपयोग करने और संदिग्ध लिंक और ईमेल पर क्लिक न करने के महत्व को समझाया और सभी को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। विद्यालय में अध्यनरत उच्च कक्षाओं की छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सक्रियता से भाग लिया। अंत में प्राचार्य शिवजी लाल सैनी एवं व्याख्याता कमलेश कुमार मीणा ने कार्यक्रम आयोजन पर धन्यवाद दिया।

मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं प्रबन्धन की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित

हेडलाइन न्यूज । बूंदी

राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी ने मेडिकल कॉलेज बून्दी के छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज में चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं प्रबन्धन पर विभिन्न प्रकार के आरोप की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान द्वारा आदेशानुसार तीन सदस्यीय कमेटी में अतिरिक्त निदेशक (अस्पताल प्रशासन) राजमेस मुकेश मीना, उपनिदेशक (अकादमिक) चिकित्सा शिक्षा जी. एल. सैनी एवं सहायक निदेशक (अकादमिक) राजमेस डॉ. शैलजा कौशिक होंगे। कमेटी मौका निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट 3 दिवस में प्रस्तुत करेगी।

पीड़ित पुजारी बैठे भूख हड़ताल पर

हेडलाइन न्यूज । बारां

राजस्थान पुजारी सेवक महासंघ के नेतृत्व में हाड़ौती संभाग के समस्त पुजारीयों ने संभागीय आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर भुख हड़ताल पर बैठे। जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया कि जब तक पुजारियों को न्याय नहीं मिलेगा पुजारी परिवार भूख हड़ताल पर रहेंगा। सांगोद तहसील के ग्राम देगनिया में महिला पुजारन के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर मारपीट की और उसका मकान तोड़ दिया गया जिसके विरोध में आज पुजारियों ने संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया। संभागीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि जब तक पीड़ित पुजारन को न्याय नहीं मिलेगा तब तक समस्त हाड़ौती के पुजारियों को धरने पर बुलाने का आह्वान किया गया है। आज भुख हड़ताल पर पवन वैष्णव, राजेश बैरागी व धनराज सुगंधा बैठे। धरना स्थल पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने आकर पीड़ित पुजारी परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालो में प्रसार मंत्री राजेंद्र शर्मा, संगठन मंत्री आनंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री दयाराम, तहसील सचिव महावीर गोस्वामी, झालावाड़ जिलाध्यक्ष लोकेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष बनवारी और महासचिव विनोद, तहसील अध्यक्ष बनवारी शर्मा, दीपक शर्मा, लव कुश, दीपक देवली, उपाध्यक्ष गिरधर दाधीच, रघुवीर बैरागी, पवन वैष्णव, कीर्ति वैष्णव, अनिल शर्मा, ब्राह्मण कल्याण परिषद के अनिल शर्मा, शिवसेना से सुरेश गोस्वामी, रौनक शर्मा, समर सिंह व सत्यनारायण मीणा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

साहित्यकार कन्हैयालाल शर्मा का किया अभिनंदन

हेडलाइन न्यूज । बारां

अपनी लंबी साहित्य साधना और कई पुस्तकों के लेखक वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैयालाल शर्मा को गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए जाने पर गत दिवस शहर के साहित्यकारों ने उनके आवास पर जाकर उनको बधाई दी तथा अभिनंदन किया। प्रेस सचिव राजेश पंकज ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैयालाल शर्मा विगत पांच दशकों से भी अधिक समय से साहित्य साधना में लगे हैं और उनकी चार पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। वे अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बारां के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं। साहित्यकारों ने सम्मान प्रतीक व शॉल पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर साहित्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा ने कन्हैयालाल शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। अभिनंदन करने वालों में विभाग संयोजक भैरवलाल भास्कर, अध्यक्ष बच्छराज राजस्थानी, नाथूलाल निर्भय, रमन अजमेरा, सूरजमल मियाडा, हरीश सेन आदि मौजूद थे। काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कन्हैयालाल शर्मा के पुत्र एवं साहित्य परिषद के जिला संयोजक सुनील शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

युवाओं को नौकरी से अधिक व्यवसाय की ओर बढ़ने की प्रेरणा - आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज

हेडलाइन न्यूज । कोटा

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, महावीर नगर द्वितीय में आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में विशेष प्रवचन सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर गुरुदेव ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और व्यवसाय की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि गुरूदेव का पाद पक्षालन पवन अजमेरा व विनोद चुनावाला परिवार द्वारा किया गया। मंगलाचारण परिधि बाकलीवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पाटौदी ने किया।

गुरुदेव ने अपने प्रवचन में कहा कि युवा केवल नौकरी की अपेक्षा न करें, बल्कि अपने कौशल और क्षमता के आधार पर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करें।गुरुदेव ने कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में व्यापार और स्वावलंबन को विशेष महत्व दिया गया है। हमारी परंपरा में वैश्य धर्म को जीवन का आधार माना गया है, जहां व्यक्ति स्वयं के परिश्रम और बुद्धिमानी से समाज के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करता है।गुरुदेव ने उदाहरण देते हुए कहा कि धन कमाना बुरा नहीं है, लेकिन धन का सदुपयोग करना महत्वपूर्ण है।

सीएसआर फण्ड के विकास कार्यों का लोकार्पण

संस्थायें सीएसआर से निभा रही सामाजिक सरोकार:संदीप शर्मा

हेडलाइन न्यूज । कोटा

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि औद्योगिक संस्थायें सीएसआर फण्ड से समाजहित में कार्य करवाकर सामाजिक सरोकार निभा रही हैं और मुझे विश्वास है

कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकारों के विकासोन्मुखी कार्यक्रमों से जिस गति से उद्योग धंधों का विकास हो रहा है, इसी अनुपात में सीएसआर फण्ड से समाज को भी लाभ मिलेगा।

मंगलवार को राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा सीएसआर के तहत कोटा के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कराये गये सौन्दर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कोटावासियों से आग्रह किया है कि घरेलू पाइपलाईन गैस सुविधा से जुड़कर ग्रीन एनर्जी की तरफ कदम बढायें। आरएसजीएल के एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल द्वारा 25 लाख रुपये से अधिक लागत से कोटा की 6 आंगनबाड़ी केन्द्रों में सौन्दर्यी करण सहित विभिन्न प्रकार के कार्य करवाये गये हैं। उन्होंने बताया कि आरएस जीएल द्वारा सीएस आर के तहत प्रतिवर्ष विकास कार्य करवाये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कोटा शहर में सीएनजी पीएनजी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही पाइपलाईन से घरेलू गैस उपलब्ध कराने के लिए डीपीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।महिला बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नयन गौतम, डीजीएम सीपी चौधरी, समग्र शिक्षा अभियान के रुपेश कुमार सिंह, आईसीडीएस के आलोक शर्मा, आरएस जीएल के डीजीएम प्रोजेक्ट्स आनन्द आर्य, राजकीय सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल केशवपुर की प्राचार्य डॉ. वैदेही गौतम, प्यूर इण्डिया ट्रस्ट के निशांत दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

विधायक संदीप शर्मा ने कोटा दक्षिण में बांटे 170 पट्टे

बरसो बाद मिला मालिकाना हक पट्टा मिलने पर प्रसन्नता हुई

हेडलाइन न्यूज । कोटा

नगर निगम कोटा दक्षिण में आज एक समारोह में फोर्टवाल व स्कीम प्रभावित क्षैत्र केशवपुरा सेक्टर 4, रामतलाई, रेतवाली, मोखापाड़ा, न्यू साबरमती कॉलोनी, कैथूनीपोल, श्रीपुरा, गुमानपुरा छावनी क्षैत्र के निवासियों को अपना मालिकाना हक मिला। महापौर राजीव अग्रवाल भारती व आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के दौरान फोर्टवाल प्रभावित व स्कीम प्रभावित निवासियों के बारे में फैसला आने के पश्चात् इनके पट्टो का कार्य किया गया, परन्तु विधनसभा चुनाव की आंचार संहिता के चलते उस समय काफी पट्टों का वितरण नहीं हो सका था।

जिन लोगों के पट्टे लम्बित चल रहे थे उनके द्वारा अपनी समस्या को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं विधायक संदीप शर्मा को बताया तो उनके द्वारा उच्चाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिये गये। राज्य सरकार से मार्गदर्शन मिलने के पश्चात् आज लगभग 170 पट्टो का वितरण किया गया। महापौर ने बताया कि मालिकाना हक से वंचित लोगों को जब पट्टे सौंपे तो सभी के चेहरों पर अपार खुशी झलक रही थी। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने सभी को पट्टा प्राप्त करने पर बधाई दी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, उपमहापौर पवन मीणा, आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, आयुक्त उत्तर अशोक कुमार त्यागी, अति. आयुक्त, उत्तर जवाहर लाल जैन, उपायुक्त प्रथम महेश गोयल, उपायुक्त द्वितीय दयावती सैनी, उप नगर नियोजक सत्यनारायण राठौर, पार्षद सुरेन्द्र राठौर, योगेन्द्र सिंह राजावत, पी.डी. गुप्ता, आरती शाक्यवाल, लक्ष्मी मेहरा, नंद कंवर हाड़ा, रतन बाई, पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहरा, वेद प्रकाश कश्यप उपस्थित रहें।

कला कन्या महाविद्यालय मेविभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

हेडलाइन न्यूज । कोटा

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में खेल विभाग के तत्वावधान में चल रहे खेल सप्ताह के द्वितीय दिवस को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल प्रभारी डॉ. श्रुति अग्रवाल के नेतृत्व में जे.के. पवेलियन, नयापुरा, कोटा में किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा चौहान ने बताया कि खेलों का छात्राओं के जीवन में अत्यधिक महत्व है और इस तरह की प्रतियोगिताएँ सभी छात्राओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका देती हैं। सबसे पहले वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में टीम की छात्राओं पूजा मीणा, करिश्मा, धनकंवर, अनुसुईया पंकज, मीना पंकज और गरिमा कोहली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत हासिल की। गोला फैंक प्रतियोगिता में कुल 11 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें छात्रा करिश्मा ने प्रथम, अंतिमा मीणा ने द्वितीय एवं कोमल गुर्जर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में 8 प्रतिभागियों में से बेअन्त कौर, आलिया खान, जया हाड़ा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में कुल 9 प्रतिभागियों में से छात्रा मुस्कान गुर्जर प्रथम, कोमल गुर्जर द्वितीय एवं बिजली मेघवाल ने तृतीय स्थान पर रहते हुए बढ़िया प्रदर्शन किया। इसके बाद 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर बिजली मेघवाल, द्वितीय स्थान पर आरती सुमन एवं तृतीय स्थान पर मुस्कान गोचर ने जीत दर्ज की। वहीं 200 मीटर दौड़ में धनकंवर ने प्रथम, बिजली मेघवाल ने द्वितीय एवं अंतिमा मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं में श्री राधेश्याम सेन ने रेफरी की भूमिका का निर्वहन किया। खेल समिति के सदस्य डॉ. कविता मकवाना, डॉ. कविता मीणा, डॉ. बीनू कुमावत, डॉ. मिथिलेश सोलंकी एवं मानसी दाधिच ने सभी प्रतियोगिताओं के दौरान उपस्थित रहकर योगदान दिया। खेल समिति प्रभारी डॉ. श्रुति अग्रवाल ने बताया कि खेल समिति द्वारा आयोजित इस खेल सप्ताह में महाविद्यालय की छात्राएँ उत्साह पूर्वक भाग ले रही हैं।

सीएमएचओ डॉ नागर ने पीएचसी दीगोद व सीएचसी सुल्तानपुर, खातोली का निरीक्षण किया

हेडलाइन न्यूज । कोटा

सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बुधवार को ग्रामीण के तीन अस्पतालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। पीएचसी दीगोद के निरीक्षण में साफ-सफाई में सुधार लाने के निर्देश दिए। अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का नए नियमानुसार पालना सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में झांड़ियों की साफ-सफाई कर पौधे लगाने के निर्देश दिए। प्रसव कक्ष में सेवन ट्रे का डिसप्ले करने, अस्पताल में तंबाकू खाने व थूकने वालों के कोटपा एक्ट के तहत चालान व जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहां ब्लॉक पब्लिक हैल्थ युनिट का भी अवलोकन किया। वहां लिफ्ट नही लगी होने पर संबधित अभियंता को लिफ्ट लगाने हेतु निर्देशित किया। सुल्तानपुर सीएचसी में नर्सिंग स्टाफ के कम होने की बात भी सामने आई। लोकसभा अध्यक्ष केंप कार्यालय द्वारा भी वहां स्टाफ की कमी को अन्यत्र स्थानों से लगाकर पूरा करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ डॉ नागर ने खातोली सीएचसी का भी निरीक्षण किया। आवश्यक उपकरणों व संसाधनों की कमी पूर्ती के लिए डिमांड भेजने के निर्देश दिए। वहां साफ-सफाई ठीक मिलने पर प्रोत्साहन हेतु दो सफाई कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इटावा में ब्लॉक मीटिंग में भाग लेकर विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में जिला स्तर से डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ घनश्याम मीना, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ गोविन्द सिंघल, डीटीओ डॉ एसएन मीणा, डीपीओ एनएचएम नरेन्द्र वर्मा आदि मौजूद थे।

विराट बजरंग दल ने किया राकेश जैन का सम्मान

हेडलाइन न्यूज । कोटा

भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन का स्वागत विराट बजरंग दल के पदाधिकारियों नक किया। राकेश जैन ने कहां की यह अवसर पुनः समाज और सनातन धर्म को जोड़ने का है। सनातन धर्म की रक्षा ही हिंदू धर्म की रक्षा है।सम्मान में मौजूद विराट बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार महाजन सीसीआई की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति गौड़, विराट बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उपभोक्ता महासंघ के शहर अध्यक्ष मनोज विजयवर्गीय, विराट बजरंग दल संभाग अध्यक्ष मनोज सोनी, संदीप जी पारीक एडवोकेट राधिका हनुमान केवट, गौरव राठौर, लकी गोयल एवं अन्य सदस्यों ने मिलकर जीएमप्लाजा में उनका स्वागत सम्मान किया

हाडोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसो. ने राकेश जैन का अभिनंदन किया

हेडलाइन न्यूज । कोटा

हाड़ौती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा आज राकेश जैन का पुनः भारतीय जनता पार्टी के कोटा जिला के अध्यक्ष बनने पर अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल एवं महासचिव रवि निमोदिया ने राकेश जैन को बधाई देते हुए कहा हमें अत्यंत हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है। इस अवसर, चेयरमैन सलाहकार बोर्ड आर एन गर्ग, पूर्व अध्यक्ष विकास जोशी, महासचिव रवि निमोदिया, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, सचिव रविंद्र गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

चम्बल इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आज से, क्षितिज तारे शौर्य घाट पर देंगे मधुर संगीयमयी प्रस्तुतियां

हेडलाइन न्यूज । कोटा

कोटा का अंतरराष्ट्रीय और लोकप्रिय उत्सव चम्बल इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन आज चम्बल रिवर फ्रंट पर होगा। सृजन द स्पार्क द्वारा फिल्म फेस्टिवल के लिए लोकप्रिय बॉलीवुड गायक क्षितिज तारे का म्यूज़िकल कंसर्ट आयोजित किया जायेगा। क्षितिज अपने पूरे म्यूज़िकल बैंड के साथ शौर्य घाट पर मधुर संगीयमयी प्रस्तुतियां देंगे। चम्बल रिवर फ्रंट पर पहली बार कोई बॉलीवुड म्यूज़िकल कंसर्ट होगा। 31 जनवरी और 1 फरवरी बॉलीवुड के प्रख्यात गीतकार सईद क़ादरी शामिल होंगे। म्यूज़िकल कंसर्ट में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी मुख्य अतिथि होंगे और अध्यक्षता पूर्व पुलिस महानिरीक्षक प्रसन्न खमेसरा करेंगे। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य अतिथि भी सम्मिलित रहेंगे। रंगकर्म और कला संस्था के तत्वावधान में आयोजित होने वाले फेस्टिवल में यू आई टी ऑडिटोरियम में 2 दिन चयनित फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी और 1 फरवरी शाम को अवार्ड सेरेमनी में विभिन्न फिल्मकारों को पुरस्कृत किया जायेगा। अवार्ड सेरेमनी में क्षितिज तारे की एक बार फिर संगीयमयी प्रस्तुतियां होंगी।

विश्व की श्रेष्ठ फिल्में

फेस्टिवल में विश्व की श्रेष्ठ फिल्में कोटा के दर्शकों को देखने को मिलेंगी। इन फिल्मों के जरिये कोटा के दर्शक विभिन्न देशों की विविध भाषाओं की फिल्मों के माध्यम से वहां की संस्कृति, परिवेश, विरासत, कला और कहानियों को जान सकेंगे जो अपने आप में एक अनूठी पहल है। इस फेस्टिवल के माध्यम से डॉ सिद्धार्थ कोटा की जनता को विश्व सिनेमा से रूबरू कराना चाहते हैं। साथ ही दुनिया भर के लाजवाब फिल्मकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच कोटा में मिल रहा है। विश्व के नामचीन निर्देशकों की फिल्में फेस्टिवल में आई है जिनमे बॉलीवुड के निर्देशक और कलाकारों की भी फिल्में शामिल हैं। विश्व के प्रतिष्ठित निर्देशकों ने अपनी फिल्में स्क्रीनिंग के लिए फेस्टिवल में भेजी हैं। डा सिद्धार्थ ने बताया कि फेस्टिवल में हिंदी के अलावा अंग्रेजी, मराठी, इटैलियन, जर्मन, चाइनीज़, तमिल, बांग्ला, तेलुगु, स्पैनिश, अरेबिक, कन्नड, क्रोएशियन, रशियन, जापानीज, गुजराती, युक्रेनियन, मलयालम, हिब्रु आदि भाषाओं के अतिरिक्त मूक फिल्में भी दिखाई जायेंगी।

विभिन्न विषयों पर बनी फिल्में

फेस्टिवल में सामाजिक सोद्देश्यता और सरोकार से सम्बंधित फिल्मों के अलावा बाल फिल्म, पारिवारिक, थ्रिलर, हॉरर, संगीतमय, लव स्टोरी, एक्शन, एडवेंचर, साइंस फिक्शन, मिस्ट्री, कॉमेडी फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

फिल्मकारों को मिलेगा मंच

फिल्में सिनेमा, उसके निर्माताओं और दर्शकों के उत्सव का प्रतीक होंगी। यह महोत्सव दुनिया भर के विभिन्न फिल्म निर्माताओं को मिलने, विचारों का आदान-प्रदान करने, फीचर, वृत्तचित्र, लघु और एनीमेशन फिल्मों के सह, निर्माण और विपणन की संभावनाओं का पता लगाने और दुनिया के प्रति फिल्म निर्माताओं के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सिनेमा. यह महोत्सव फीचर, वृत्तचित्र, एनीमेशन और लघु फिल्मों के मोर्चे पर अधिक बातचीत और चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करेगा; इसका उद्देश्य कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना और फिल्म निर्माताओं और उपस्थित लोगों के लिए एक रचनात्मक उत्प्रेरक साबित होना है। यह त्यौहार भारतीय सिनेमा, संस्कृति और पर्यटन का जश्न मनाता है।

जेईई मेन परीक्षा मॉडरेट टु टफ रहा जनवरी सेशन का डिफिकल्टी लेवल

हेडलाइन न्यूज । कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी-एनटीए की ओर से बीई, बीटेक के लिए आयोजित जनवरी सेशन की जेईई मेन परीक्षा बुधवार को सम्पन्न हो गई। जनवरी सेशन का डिफिकल्टी लेवल मॉडरेट टु टफ माना जा रहा है। गुरुवार को बीआर्क, बीप्लानिंग के लिए जेईई मेन परीक्षा का पेपर 2 होगा। यह एक शिफ्ट में ही होगा।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी यानी पांच दिन हुए 10 पेपर के ओवरआल डिफिकल्टी लेवल की बात करें तो यह मॉडरेट टु टफ रहा। इसमें मैथ्स हमेशा की तरह लेंदी और टफ रहा जबकि फिजिक्स मॉडरेट और केमिस्ट्री आमतोर पर इजी टु मॉडरेट रही।

स्टूडेंट्स के मुताबिक जेईई 29 जनवरी शिफ्ट 1 पेपर का डिफिकल्टी लेवल आसान से मध्यम रहा। सवाल संतुलित और करने योग्य थे। हालांकि, मैथ्स सेक्शन लंबा और कठिन था। फिजिक्स में कुछ समय लेने वाले सवाल थे। कुल मिलाकर पेपर कॉन्सेप्ट-आधारित सवालों के साथ क्यूरेट किया गया था।

एडवांस के लिए कट ऑफ़ कम होने के आसार

नितिन विजय ने बताया कि जेईई मेन सीएस कटऑफ अंक तैयार करते समय आवेदकों की संख्या, प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन और परीक्षा का कठिनाई स्तर जैसे कारकों को आधार माना जाता है। इस बार जेईई मेन्स परीक्षा में कुल 75 सवाल आए। इसमें मैथ्स, फिजिक्स और केमिस्ट्री सेक्शन में 25-25 सवाल पूछे गए। हर सेक्शन में 20 बहुविकल्पीय और पांच सवाल न्यूमेरिकल थे।

गत वर्ष तक कुल 90 सवाल होते थे। इसमें मैथ्स, फिजिक्स और केमिस्ट्री तीनों विषय में 10-10 सवाल न्यूमेरिकल होते थे, जिसमें से केवल 5-5 सवाल ही हल करने होते थे। इस बार चॉइस समाप्त हो गई और स्टूडेंट्स को सभी पांच सवाल अनिवार्य रूप से हल करने पड़े। इससे पेपर डिफिकल्टी लेवल बढ़ गया।

यह मानी जाती है अच्छी और औसत रैंक

जेईई मेंन 2025 जनवरी सेशन के लिए 13.8 लाख कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जेईई मेन में टॉप 2000 रैंक को असाधारण माना जाता है और इससे प्रमुख आईआईआईटी (ट्रिपल आईटी), एनआईटी और अन्य शीर्ष संस्थानों में प्रवेश सुनिश्चित माना जाता है। 20 हजार तक रैंक पर आई आई आईटी, एनआईटी और सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (जीएफटीआई) में लोकप्रिय शाखाओं में प्रवेश मिलता है। जेईई मेन में 50, 000 रैंक एनआईटी और आईआईआईटी में प्रवेश की संभावना कम कर सकती है, लेकिन राज्य सरकार और निजी संस्थान इस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए विकल्प बने रहते हैं।

वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता के. बी. शर्मा का निधन

हेडलाइन न्यूज । कोटा



वयोवृद्ध ट्रेड यूनियन नेता और कम्युनिस्ट के. बी. शर्मा का आज सुबह रावतभाटा में उनके निवास पर निधन हो गया।

शर्मा एआईसीटीयू के अखिल भारतीय महासचिव और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (यूनाइटेड) की केंद्रीय समिति के सदस्य थे। वर्ष 1979-80 में परमाणु ऊर्जा श्रमिकों की 100 दिनों से अधिक चली ऐतिहासिक हड़ताल का नेतृत्व किया था. राजस्थान ही नहीं अपितु संपूर्ण देश में निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों और असंगठित मजदूरों को संगठित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था. एआईसीटीयू के कार्यकारी महासचिव महेंद्र पांडे और राजस्थान के एमसीपीआई (यू) के राज्य सचिव महेंद्र नेह ने एक बयान में कहा है कि भारत के एआईसीटीयू और ट्रेड यूनियन आंदोलन ने एक प्रतिबद्ध नेता खो दिया है, वे एक दृढ़ भावना के साथ मजदूर वर्ग के हित के लिए काम कर रहा थे। एमसी पीआई (यू) के महासचिव अशोक ओंकार, एआई सीटीयू के अखिल भारतीय अध्यक्ष जयंतो गुप्ता भाया, कार्यकारी अध्यक्ष और केरल राज्य समिति के महासचिव वीवी राजेंद्रन, राजस्थान एआई सीटीयू समिति के महासचिव घासी लाल गाडोदिया, राज्य अध्यक्ष देवराज सिंह आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

केरल के अलुआ में जारी एमसीसीपीआई (यू) की केंद्रीय समिति की बैठक में कार्यवाही रोक कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

स्वामी, प्रकाशक मुद्रक और संपादक हंसपाल यादव द्वारा एच.पी. प्रिन्टर्स 419 गुमानपुरा कोटा से मुद्रित, आर.एन.आई. नं. 2011/38284 व 198-199 एस.के. टावर शोपिंग सेन्टर कोटा राज. से प्रकाशित। मो. 9887342980